राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 307
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 30 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ट्रेनी डॉक्टर ने अपार्टमेंट की 21वीं मंजिल से छलांग लगा की सुसाइड
पेज 4 मिशन शक्ति-5.0 : पीलीभीत में छात्राओं ने संभाली थाना व
पेज 6 अपनी मेजबानी में हमें पहली बार विश्वकप जीतने की उमीदें

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 28 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है। लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा। वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा- यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं।

### चिकन मांगने पर 7 साल के बेटे की हत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के काशीपाड़ा में एक महिला ने चिकन मांगने पर अपने 7 साल के बेटे की बेलन से पीट-पीटकर हत्या कर दी। महिला ने बच्चे के सिर, सीने, पीठ और चेहरे पर कई हमले किए। महिला ने अपनी 10 साल की बेटी को भी पीटा। इससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। बच्चों की गंभीर हालत के बावजूद, महिला उन्हें अस्पताल नहीं ले गई। बेटे ने घर पर ही दम तोड़ दिया। चीखें सुनकर पड़ोसी एक पड़ोसी घर आया और देखा कि बेटा जमीन पर चादर से ढका हुआ पड़ा था। पूछताछ करने पर, मां ने दावा किया कि उसके बेटे की मौत पीलिया से हुई है।

# महाराष्ट्र में बाढ़-बारिश से 5 जिलों में 10 की मौत

## उत्तर भारत के 8 राज्यों से मानसून विदा; एमपी-गुजरात में बारिश की संभावना



**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में बाढ़-बारिश के कारण पिछले दो दिनों में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि नासिक जिले में चार, धाराशिव और अहिल्यानगर में दो-दो और जालना व यवतमाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों में भारी बारिश हुई। छत्रपति संभाजी नगर जिले में 110.3 मिमी, अहिल्यानगर में 81.8 मिमी और नासिक में 76.6 मिमी बारिश हुई।

दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मध्यप्रदेश), झांसी और शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) से होकर गुजर रही है।

इस वजह से इन इलाकों में अगले 7 दिनों तक इस वापसी की संभावना कम दिख रही है। अनुमान है कि अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में यहां से मानसून विदा लेगा। 1 अक्टूबर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।


हालांकि, पूरे देश से मानसून की विदाई अपने निर्धारित समय 15 अक्टूबर तक होने की संभावना है। पिछले साल भी मानसून 15 अक्टूबर को विदा हुआ था।

### राजस्थान में 63 प्रतिशत ज्यादा, मेघालय में 42 प्रतिशत कम बारिश

इस बार, जून से सितंबर के दौरान मानसून का बिहेवियर (पैटर्न) असामान्य रहा। राजस्थान में इस साल सामान्य से 63 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हुई। मेघालय में सामान्य से 42 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। भारत में इस मानसून सीजन (जून से सितंबर के दौरान) 930 मीमी बारिश हुई। आमतौर पर देश में मानसून सीजन में औसतन लगभग 750 से 1,500 मीमी (30 से 59 इंच) बारिश होती है।

# करूर भगदड़ : विजय की पार्टी का जिला सचिव गिरफ्तार

### एफआईआर में एक्टर के खिलाफ आरोप- जानबूझकर देरी से पहुंचे, रोड शो की अनुमति नहीं ली



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में 28 सितंबर को एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मामले में सोमवार को टीवीके के जिला सचिव वीपी माथियलगन को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, माथियलगन उन तीन टीवीके नेताओं में से हैं जिन पर एफआईआर हुई है। इसमें राज्य महासचिव बसी आनंद और उप महासचिव निर्मल कुमार का भी नाम है। साथ ही एफआईआर में पुलिस ने रैली के आयोजक और टीवीके पार्टी के प्रमुख अभिनेता विजय थलापथि पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक विजय जानबूझकर रैली में देरी से पहुंचे, ताकि ज्यादा भीड़ इकट्ठा हो। एफआईआर की कॉपी में लिखा है- रोड शो के दौरान भारी भीड़ दिखाने के लिए विजय की करूर में एंट्री चार घंटे देरी से कराई गई। उनके समर्थक दोपहर एक बजे से ही सड़क पर धूप में खड़े थे। इसके अलावा, उन्होंने बिना अनुमति के रोड शो किया। इसी से हालात बिगड़े और लोगों की जान गई।

तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितंबर का शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। इनमें 18 महिलाएं, 13 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, जिनमें से 51 आईसीयू में भर्ती हैं।

### राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों की हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों के आयोजित पब्लिक इवेंट्स (रैली-सभा) के लिए नए नियम बनाए जाएंगे।

### विजय पर आरोप लेकिन केस दर्ज नहीं

मामले में पुलिस का भी पक्षपात पूर्ण रवैया नजर आ रहा है। पुलिस ने एफआईआर में विजय पर आरोप लगाए हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं किया है। जबकि उनके तीन करीबियों पर केस किया है। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (हत्या का प्रयास), 110 (हत्या का प्रयास करने का प्रयास), 125 (अन्य की जान को खतरे में डालना) और 223 (आदेश की अवहेलना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, तमिलनाडु सार्वजनिक संपत्ति (नुकसान और क्षति रोकथाम) अधिनियम, 1992 की धारा 3 के तहत भी कार्रवाई की गई है।

### 4:45 बजे करूर के अंदर थे विजय, 7 बजे रैली में पहुंचे

एफआईआर में कहा गया है कि विजय शाम करीब 4: 45 बजे करूर में थे। लेकिन, उनका काफिला शाम 7 बजे रैली स्थल पर पहुंचा, तब तक भीड़ बेकाबू हो चुकी थी। पुलिस ने रैली के आयोजक और विजय के करीबियों को स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने नजरंदाज किया।

# कनाडा ने लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया

## कहा- ये भारत में हत्या-वसूली में एक्टिव; संपत्ति जब्त, बैंक खाते फ्रीज होंगे

**जालंधर।** कनाडा सरकार ने भारत में एक्टिव लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह गैंग सिर्फ भारत में ही नहीं, कनाडा में भी क्राइम कर रहा है। कनाडा के पब्लिक सिक्योरिटी मिनिस्टर गैरी अनंदसंगरी ने कहा कि हिंसा और आतंक का कनाडा में कोई स्थान नहीं है, विशेष रूप से वे जो किसी विशेष समुदाय को डर के माहौल में रखने के उद्देश्य से किए जाते हैं। इसके चलते लॉरेंस गैंग को कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत आतंकवादी संगठन करार दिया जाता है।



### फैसले का यह असर होगा

गैंग की कनाडा में मौजूद किसी भी संपत्ति, वाहन, धन आदि को फ्रीज या जब्त किया जा सकता है।

गैंग को वित्तीय मदद, यात्रा और भर्ती से जुड़े अपराध में भी कनाडाई एजेंसियों को कार्रवाई का अधिकार मिल गया है।

अगर कोई व्यक्ति सीधे या अप्रत्यक्ष तौर पर लॉरेंस गैंग को संपत्ति देता है तो इसे भी अपराध माना जाएगा।

गैंग से कनेक्शन रखने वालों की कनाडा में एंट्री भी मुश्किल होगी। सरकार के मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी प्रोटेक्शन एक्ट के तहत एंट्री के मामले में भी अधिकारी फैसला लेते वक्त इस फैसले को ध्यान में रखेंगे।

### चंडीगढ़ पुलिस की महिला इंस्पेक्टर सस्पेंड

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस की एक महिला इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। समारोह के दौरान आमंत्रित लोगों से बदसलूकी और ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं। एसएसपी कंवरदीप कौर ने यह आदेश जारी किया है। सस्पेंड हुई इंस्पेक्टर का नाम कुलदीप कौर है, जो सेक्टर 26 पुलिस लाइन में तैनात थीं। 26 सितंबर को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन आए थे। वहां मिग-21 विमान की विदाई का बड़ा कार्यक्रम था। इस दौरान इंस्पेक्टर कुलदीप कौर की ड्यूटी भी लगाई गई थी।



## हैप्पी मॉर्निंग


सास ने बहू को दाल बनाने के लिए कहा, थोड़ी देर बाद आकर सास दाल को देख जोर से चिल्लाई और बोली- ये क्या बना दिया? बहू- मांजी एक चीज ही तो डालना भूल गई, आप इतना गुस्सा क्यों हो रही हो? सास- अरे बहू, तू इसमें दाल डालना ही भूल गई.....



## शायरी

बाग़ का बाग़ उजड़ गया कोई कहो पुकार कर
किस ने शफ़क़ पे मल दिए फूलों के रंग उतार कर

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,364.94
-61.52 (0.076%)
निफ्टी:
24,634.90
-19.80

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 16
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 32

# सुप्रीम कोर्ट बोला-अदालतें पीड़ितों की तकलीफ को अनदेखा न करें

▸ पटना हाईकोर्ट ने शिकायतकर्ता को सुना ही नहीं, जल्दबाजी में अग्रिम जमानत दे दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हत्या के आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के फैसले पर पटना हाईकोर्ट को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करना जरूरी है, लेकिन अदालतें पीड़ितों की तकलीफ को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी पटना हाईकोर्ट के मार्च 2024 के उस आदेश को रद्द करते हुए की, जिसमें एक महिला की हत्या के दो आरोपियों को अग्रिम जमानत दी गई थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा- हाईकोर्ट ने यह फैसला बहुत जल्दबाजी में किया और शिकायत करने वाले व्यक्ति को सुने बिना ही जमानत दे दी। कोर्ट ने इसे सही नहीं माना।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि आरोपी चार हफ्ते के भीतर सरेंडर करें। इसके बाद चाहें तो नियमित जमानत के लिए अर्जी लगा सकते हैं।



### सुप्रीम कोर्ट बोला- हाईकोर्ट ने मर्डर जैसे क्राइम को हल्के में लिया

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इस मामले में हाईकोर्ट ने मर्डर जैसे गंभीर अपराध को हल्के में लिया और बिना ठीक से वजह बताए जमानत दे दी। यह जमानत बिल्कुल भी सही नहीं थी, क्योंकि पीड़ित की पत्नी की हत्या दिनदहाड़े हुई थी।

कोर्ट ने कहा- व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन अदालतों को यह भी देखना होगा कि पीड़ित को न्याय और सुरक्षा मिले। दोनों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है।

### केरल के सबरीमाला मंदिर से चोरी 4 किलो सोना मिला

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सबरीमाला मंदिर से गायब हुआ 4 किलो सोना 27 सितंबर को बरामद हुआ। केरल हाईकोर्ट के निर्देश पर मंदिर का मैनेजमेंट संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की विजिलेंस विंग ने इसकी बरामदगी वेनजारामूडु इलाके से की। ये सोना मंदिर के द्वारपालकों की मूर्ति के पीठासन (तांबे के आसन) पर चढ़ाया गया था। जिस व्यक्ति ने इसके गुमने की शिकायत की थी, उसी ने ही सोना लगवाया था। 4 किलो गोल्ड परत भी उसी की बहन के घर बरामद हुआ। शख्स का नाम उन्नीकृष्णन पोटी है, वो बेंगलुरु का रहने वाला है। दरअसल, सबरीमाला मंदिर में साल 2019 में 42 किलो सोने की परत कई मूर्तियों और दीवार पर चढ़ाई गई थी। इसका काम साल 2020 में पूरा हुआ था। इसके बाद कोविड के दौरान महामारी के नियमों के चलते सोने की परत उतारी गई थी। इसके TDB को सौंपा गया था।

# गुरुग्राम में वाइफ का मर्डर कर पति ने किया सुसाइड

## दोनों आईटी कंपनी में इंजीनियर थे, युवक ने मरने से पहले दोस्त को वीडियो भेजा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में रविवार देर शाम झगड़े के बाद हसबैंड ने अपनी वाइफ की पहले चुन्नी से गला घोंट कर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से पहले युवक ने अपने दोस्त को एक वीडियो भी भेजा था।

वीडियो देखकर दोस्त ने तुरंत घटना की सूचना सेक्टर-10 पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।




पुलिस को फ्लैट के अंदर दोनों के शव मिले। महिला का शव नीचे पड़ा था और उसके गले में चुन्नी थी, जबकि पति का शव फंदे से लटका हुआ था। एफएसएल, फिंगर प्रिंट टीम ने मौके की जांच की। इस दौरान पता चला कि महिला का गला दुपट्टे से घोटा गया था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक उत्तर प्रदेश और महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। दोनों की 3 साल पहले अरेंज मैरिज हुई थी।

पुलिस ने फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा कर परिजनों को सूचना दी है। परिवार वालों के आने के बाद सोमवार को पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

### बेटे का मुंडन कराकर लौट रही मां-बहन समेत 5 मौत

**हरदोई।** हरदोई में भीषण हादसा हुआ है। यहां सड़क किनारे खड़े परिवार को तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी ने रौंद दिया। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर लाशें बिखर गईं। मृतकों में 2 महिलाएं, 1 पुरुष और 2 बच्चे शामिल हैं। हादसा दोपहर 2.30 बजे सुरसा थाना क्षेत्र के सुरसा तिराहे के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, सभी बाबा मंदिर में एक मुंडन संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। मृतकों में संतराम (30), पत्नी संगीता (28), संतराम की बहन मोहिनी (32) और उसकी 2 साल की बेटी गौरी, मोहिनी की ननद का 9 महीने का बेटा वासु है। मोहिनी के बच्चे का ही मुंडन था। संतराम जिगनिया खुर्द थाना टड़यावा के रहने वाले थे। जबकि मोहिनी भीठा थाने के सुरसा और 9 महीने का वासु पुत्र राजेश कन्नौज के रहने वाले थे।

### कश्मीर के 7 टूरिस्ट स्पॉट फिर खोले गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को घाटी के सात टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोल दिए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद इन टूरिस्ट स्पॉट को बंद कर दिया गया था। एलजी मनोज सिन्हा के निर्देशों के बाद ये टूरिस्ट स्पॉट खोले गए हैं। कश्मीर संभाग में जिन सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया, उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग पॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम क्षेत्र के बैसरन में हुए आतंकी हमले के बाद एलजी प्रशासन ने लगभग 50 टूरिस्ट स्पॉट को बंद कर दिया था। हमले में आतंकवादियों ने 26 टूरिस्ट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। एलजी ने जम्मू संभाग के पांच टूरिस्ट स्पॉट रामबन में दागन टॉप, कठुआ में धागर और रियासी के सलाल में शिव गुफा को खोलने के आदेश भी दिए हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया था।

हत्या

### पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख लिए

# उत्तरप्रदेश में 39 करोड़ बीमा के लिए माता-पिता का मर्डर

**हापुड़-मेरठ।** हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया। 2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपए बीमा क्लेम वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपए का क्लेम किया।

एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपए भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी।



आरोपी विशाल (नीली टी-शर्ट) को हापुड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड की मिलान की। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने रविवार को आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपए लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

### पूरा मामला जानिए

मेरठ के गंगानगर के रहने वाले मुकेश सिंघल फोटोग्राफर थे। उनकी मेरठ बाजार में फोटो स्टूडियो था। उनकी पत्नी प्रभा देवी हाउसवाइफ थीं। उनका इकलौता बेटा विशाल है। एफआईआर के मुताबिक, 2024 में आरोपी ने 39 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम किया। इसमें बताया गया कि उसके पिता मुकेश सिंघल की हादसे में मौत हो गई। 27 मार्च 2024 को दोपहर गढ़ गंगा से लौटते वक्त अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई। बीमा की राशि देने से पहले कंपनी ने जांच शुरू की।

इसमें पता चला कि 8 साल में उसकी पत्नी, मां और पिता की मौत हुई। 2016 में उसकी पत्नी और 2017 में मां की मौत हुई। उसे पत्नी की मौत के बाद 80 लाख और मां की मौत के लिए 22 लाख रुपए मिले।

# महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल, हाईवे जाम

### रंगोली से सड़क पर 'आई लव मोहम्मद' लिखने से तनाव; पथराव, पुलिस का लाठीचार्ज

**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजीनगर हाईवे जाम कर दिया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से आई लव मोहम्मद लिख दिया गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन 'हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान' ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया। इससे गांव के दोनों ओर सैकड़ों वाहन जमा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खत्म कराने लगी तो भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को हटा दिया। एसपी सोनाथ घर्गे ने बताया कि पुलिस ने पथराव करने वाले करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया है।

# युवक ने की पत्नी-साले की हत्या

## बाद में खुद भी लगाई फांसी, फैमिली विवाद आ रही वजह

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने अपनी पत्नी और नाबालिग साले की हत्या कर दी। युवक ने दोनों पर पत्थर से हमला किया। इसके बाद फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना बिसरख थाना क्षेत्र के रोजा जलालपुर की है।




### अब जानिए पूरा मामला

पप्पू लाल (22) निवासी गजरौला (पीलीभीत) पिछले 10 दिनों से अपने ससुर नारायण लाल के घर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रोजा जलालपुर में रह रहा था। नारायण लाल और उनकी पत्नी रोज की तरह सोमवार को काम पर गए हुए थे। घर पर पप्पू लाल, उसकी पत्नी जसवंती (21) और 6 वर्षीय साला तेज प्रकाश मौजूद थे। शाम करीब 4:30 बजे पप्पू लाल ने घरेलू विवाद के चलते पत्थर से पहले अपनी पत्नी और फिर मासूम साले पर हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने कमरे में जाकर पंखे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जांच में पता चला है कि पप्पू लाल की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं चल रही थी। वह काफी तनाव में था, ऐसे में आशंका है कि इसी तनाव में उसने यह खौफनाक कदम उठाया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, फोरेंसिक टीम और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### हत्या के बाद खुद किया सुसाइड

डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया- यह घटना सोमवार शाम करीब 4:30 बजे हुई, जब नारायण लाल और उनकी पत्नी काम पर गए थे। उनके दामाद पप्पू लाल ने अपनी पत्नी और छह वर्षीय साले को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद पप्पू लाल ने सुसाइड कर लिया। नारायण लाल भी पीलीभीत के गजरौला के निवासी हैं और परिवार के साथ रोजा जलालपुर में मजदूरी का काम करते थे। परिवारजनों के अनुसार, पप्पू लाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके कारण यह घटना घटित हुई।

# ट्रेनी डॉक्टर ने अपार्टमेंट की 21वीं मंजिल से छलांग लगा की सुसाइड

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** 29 साल के एक ट्रेनी डॉक्टर ने अपार्टमेंट की 21वीं मंजिल से छलांग लगा कर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान शिवा शर्मा के रूप में हुई। वह ग्रेटर नोएडा के हॉस्पिटल में इंटर्नशिप कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या का मकसद सामने नहीं आया है। यह घटना थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी 14 एवेन्यू की है।

बता दे कि ट्रेनी डॉक्टर शिवा शर्मा मूलरूप से मथुरा का रहने वाला था। वहां पिता राकेश शर्मा का बिजनेस है। ग्रेटर नोएडा की गौर सिटी में शिवा की बहन रहती हैं। यहां वह रविवार को अपने मम्मी-पापा के साथ आया था। सोमवार दोपहर शिवा अचानक फ्लैट से बाहर निकाला और बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। सेंट्रल नोएडा की एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने



बताया- 21वीं मंजिल से कूद कर शिवा नाम के युवक ने आत्महत्या की है। परिजन मौके पर पहुंच गए थे।जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिवार वालों की माने तो, शिवा 2015 बैच का स्टूडेंट था। दिल्ली के एक निजी कॉलेज से उसने एमबीबीएस की पढ़ाई की थी। कोरोना के दौरान 2020 में उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई। जिसकी वजह से वह काफी परेशान रह रहा था और उसी की वजह से उसकी डॉक्टरी की ट्रेनिंग छूट गई थी। इससे वह काफी डिप्रेशन में था। पुलिस को मौके से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को मिला हाल-3 के बेस्ट स्टाल का अवार्ड



**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के समापन पर में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को हॉल-3 में बेस्ट स्टॉल की कैटेगरी में अवार्ड मिला है। औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने यह पुरस्कार प्रदान किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। बता दे कि प्राधिकरण ने हॉल नंबर-3 में स्टॉल लगाया स्टॉल में ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर और योजनाओं को बखूबी प्रदर्शित किया गया है। साथ ही आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब आदि को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। ट्रेड फेयर के विशेषज्ञों की टीम ने सर्वे ग्रेटर नोएडा के डिस्प्ले को सबसे अच्छा पाया, जिसके चलते यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टॉल पर लगे अनोमोरफिक लीड वॉल, वेब स्टैंडी, डायमंड लीड क्यूब, क्विज और पजल गेम, एआई सेल्फी बूथ, न्यूरो सेंसर कार, वीआर सिमुलेटर गेम, लाइव मग पेंटिंग, का युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 29 सितंबर इस ट्रेड फेयर का अंतिम दिन है।

## बिना पंजीकरण चल रही लड्डू की फैक्टरी पर छापा

**ग्रेटर नोएडा।** खाद्य विभाग की टीम ने सोमवार को फेज-3 के गढ़ी चौखंडी में बिना पंजीकरण चल रही लड्डू बनाने की फैक्टरी में छापेमारी की। टीम ने यहां से नमूना लेने के बाद करीब 390 किलो बूंदी के लड्डू जब्त कर लिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि नवरात्रि और दशहरा के मद्देनजर मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम ने गढ़ी चौखंडी में सोनू यादव की फैक्टरी में छापा मारा। यहां बिना पंजीकरण लड्डू बनाए जा रहे थे। वहीं, कुलेसरा स्थित संतोष ट्रेडर्स से सोयाबीन ऑयल और कुट्टू के आटे का नमूना लिया। यहां करीब 82 किलो आटा जब्त किया गया। फेज-2 सब्जी मंडी में पीले रंग से रंगे होने के शक में आलू का नमूना लिया गया और 100 किलो आलू नष्ट करा दिए गए।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस ब्लॉक बिसरख स्थित विनोबा इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा लैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्राओं की प्रस्तुति ने समाज में महिला-पुरुष समानता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से जन-जन तक पहुँचाया। इसके साथ ही जिले में आयोजित नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश प्रसारित करना रहा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यह विशेष



अभियान 22 सितंबर से आगामी 30 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अवधि में महिला कल्याण विभाग विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, गोष्ठियाँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित कर रहा है ताकि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का वातावरण निर्मित हो सके।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने वाले संदेश प्रस्तुत किए गए। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बना बल्कि दर्शकों को सोचने और समाज में परिवर्तन लाने की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया।इस अवसर पर हब टीम से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी, जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता, कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल दिनेश तथा समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# पशु व्यापारी की हत्या का सफल अनावरण, एक गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने पशु व्यापारी की हत्या का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले अभियुक्त अवनीश नागर पुत्र धनपाल निवासी ग्राम अमरपुर थाना ईकोटेक प्रथम गौतमबुद्धनगर को ग्राम अमरपुर के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया।



पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक छुरी, मृतक का एक जूता,मृतक का टूटा हुआ एक मोबाइल फोन, मृतक द्वारा पशु बाँधने में प्रयुक्त रस्सी और मृतक के 45,000 रुपये बरामद किए हैं। गौरतलब है कि 23 सितम्बर 2025 को वादी का भाई मोहम्मद जो एक पशु व्यापारी था अपने घर से 70,000 रुपये लेकर पशु खरीदने गया हुआ था। उसके घर वापस न आने के संबंध में थाना दनकौर पर वादी द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। थाना दनकौर पुलिस को जंगल में मोहम्मद का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

जिस पर पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए मृतक मोहम्मद के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया एवं वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी बीमार है उसके उपचार के लिए उसे पैसे की जरुरत है।

इसलिए उसने इस हत्या को अंजाम दिया है। मृतक अभियुक्त का पहले से ही परिचित था उसे जानकारी थी मृतक पशु खरीदने का कार्य करता है उसके पास हर समय पैसे रहते हैं। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# ग्रेटर नोएडा कार चालक-टोल कर्मियों में धक्का-मुक्की

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर रविवार रात को कार चालक और टोल कर्मचारियों के बीच विवाद और धक्का-मुक्की का मामला सामने आया। इस घटना का वीडियो सामने आया है। हालांकि अब तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। दिल्ली निवासी एक व्यक्ति अपनी कार लेकर रात में टोल प्लाजा से गुजर रहा था। बताया गया कि उसके फास्टैग में पर्याप्त बैलेंस नहीं था, जिसके कारण गाड़ी टोल पर रुक गई। इसके बावजूद चालक बिना टोल भरे आगे निकलने की जिद पर अड़ा रहा। इसी बात को लेकर टोल कर्मचारियों और कार चालक के बीच बात-बेबात बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में यह बहस धक्का-मुक्की में बदल गई। घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। करीब 1 घंटे तक चली हंगामा और विवाद के बाद, कार चालक ने अंतत: टोल टैक्स का भुगतान किया और अपनी गाड़ी लेकर वहां से चला गया। वीडियो आते ही पुलिस ने कार चालक से संपर्क किया, लेकिन चालक ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

# ग्रेटर नोएडा : पानी विवाद में पिता-पुत्र पर रॉड से हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ठसराना गांव में पानी के विवाद को लेकर पिता-पुत्र पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। इस घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुत्र को भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

गांव निवासी सोनू ने बताया कि रविवार रात उनके पिता बालवीर और भाई महेश सिंचाई विभाग की नाली से अपने खेत में पानी दे रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के तीन लोग वहां पहुंचे और उन्हें पानी देने से रोक दिया। आरोप है कि आरोपियों ने स्वयं अपने खेत में पानी देना शुरू कर दिया।

इसके बाद बालवीर और महेश घर लौट रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में बालवीर के हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

महेश के सिर पर भी हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोट लगी है। बालवीर की हालत गंभीर बनी हुई है।

# नोएडा में 1.10 लाख वर्गमीटर जमीन आवंटन निरस्त

## लोटस ग्रीन बिल्डर को स्पोर्टस सिटी में आवंटित थी जमीन, बकाया नहीं देने पर कार्रवाई

**नोएडा।** स्पोर्टस सिटी में लोटस ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित की गई 1.10 लाख वर्गमीटर अतिरिक्त जमीन का आवंटन प्राधिकरण ने निरस्त कर दिया है। बिल्डर आवंटित जमीन का पैसा प्राधिकरण में जमा नहीं कर रहा था। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से कई बार नोटिस और अतिरिक्त समय भी दिया गया।




प्राधिकरण ने बताया कि स्पोर्टस सिटी में बिल्डर को 11 लाख 98 हजार 370 वर्गमीटर जमीन 19 हजार 400 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से आवंटित की गई। मार्च 2016 में बिल्डर के कहने पर 1 लाख 31 हजार 375 वर्गमीटर जमीन 22 हजार 600 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से अतिरिक्त आवंटित की गई। नियमत: बिल्डर को कुल जमील की लागत का 20 प्रतिशत तत्काल जमा करना था। बाकी किस्तों में जमा किया जाना था। पैसा जमा नहीं करने पर मामले को बोर्ड में लाया गया और राहत देते हुए समय दिया गया। इस दौरान भी बिल्डर ने पैसा जमा नहीं किया। पैसा जमा नहीं करने पर अतिरिक्त जमीन का 20 हजार 863 वर्गमीटर का एरिया प्राधिकरण ने विला स्टोन के नाम आवंटित कर दिया। बिल्डर ने 20 प्रतिशत पैसा भी तत्काल जमा कर दिया। तमाम नोटिस के बाद भी बिल्डर ने न तो जवाब दिया और न ही प्राधिकरण पैसा जमा किया। ऐसे में प्राधिकरण ने 4 सितंबर को 1 लाख 10 हजार 512 वर्गमीटर जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया। जमीन अभी खाली है। जल्द ही प्राधिकरण इस पर अपना बोर्ड लगाएगा।

# महागुन, महालक्ष्मी और गौड़ संस समेत कई बिल्डरों पर जुर्माना लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की बेंच ने फ्लैट खरीदारों की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए महागुन, महालक्ष्मी और गौड़ संस समेत कई बिल्डरों पर जुर्माना लगाया। नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई। यूपी रेरा से मिली जानकारी के मुताबिक महागुन ग्रुप से जुड़ी कुल 16 शिकायतों का निपटारा बेंच के सामने हुआ। जांच में पाया गया कि समूह ने रेरा पोर्टल पर इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन से जुड़ा एक ड्रॉइंग अपलोड किया और उसे इलेक्ट्रिकल एनओसी के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया ताकि अनुचित लाभ लिया जा सके। पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन अनुपालन न होने पर अब बेंच ने आदेश दिया है कि सभी मामलों को यूपी रेरा के सचिव के पास भेजा जाए, ताकि दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्राधिकरण के समक्ष रखा जा सके।महालक्ष्मी ग्रुप के खिलाफ नौ शिकायतों में आरोप सही पाए गए। जांच में सामने आया कि कंपनी ने खरीदारों को दिए गए आवंटन पत्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी नहीं किए। बेंच ने इसे गंभीर मानते हुए मामलों को धारा-61 के तहत दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्राधिकरण को भेजा। एसजेपी होटल्स एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी एक शिकायत में पाया गया कि कंपनी ने आवंटन पत्र निर्धारित प्रारूप में जारी नहीं किया। बेंच ने कार्रवाई के लिए भेजा है। पंचशील बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड की एक शिकायत में पाया गया कि कंपनी ने भी आवंटन पत्र निर्धारित प्रारूप में दर्ज नहीं किया। गौड़ संस रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड गौर रियलटेक के खिलाफ शिकायत में पाया गया कि कंपनी ने बेंच द्वारा दिए गए स्टेटस-को आदेश का उल्लंघन किया। जुर्माना लगाने के लिए धारा-61 के तहत भेजा गया। महालक्ष्मी इन्फ्राहोम्स प्राइवेट लिमिटेड की एक शिकायत में कंपनी ने प्रारंभिक आपत्ति दाखिल कर मामले को खारिज करने की कोशिश की। जांच में पाया गया कि आपत्ति झूठे और भ्रामक तथ्यों पर आधारित थी। कंपनी पर 10 हजार का खर्च अधिरोपित किया गया।

## मामूरा गांव में दो दोस्तों को लात-घूंसों से पीटा

**नोएडा।** मामूरा गांव की मार्केट में रविवार रात कार की मरम्मत करा रहे दो दोस्तों को कुछ लोगों ने लात-घूंसों से पीट दिया। आरोपी दो कारों से आए थे और एक कार छोड़कर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामूरा गांव निवासी सौरव चौहान ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात करीब आठ बजे मामूरा मार्केट में अपनी कार की मरम्मत करा रहे थे। उनके साथ दोस्त कुलदीप भी था। अचानक वहां दो कारें आकर रुकीं। उनमें सवार सेक्टर-20 निवासी अभय तंवर, वतन अवाना, कर्ण अवाना निर्दोष और कुछ अज्ञात लोग थे।आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट होते देख स्थानीय लोग एकत्र हो गए। खुद को लोगों से घिरता देख आरोपी एक कार छोड़कर दूसरी कार में बैठकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## दादरी पुलिस ने बलवा करने में संलिप्त पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने बलवा करने में संलिप्त पाँच अभियुक्तों विकल सिंह भाटी पुत्र प्रकाश सिंह, निक्की उर्फ विवेक पुत्र इन्कू भाटी, सुमेन्द्र पुत्र रघुराज, रॉकी उर्फ जोगेन्द्र पुत्र रघुराज, तेजवीर पुत्र किशनलाल निवासीगण निवासी ग्राम मायचा थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को मायचा अण्डरपास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल 32 बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है। उपरोक्त अभियुक्तगण दादरी थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर फतेहपुर में बलवा करने में शामिल रहे थे। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## ग्रेटर नोएडा में फार्मासिस्ट पर चाकू से हमला

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में रविवार रात एक फार्मासिस्ट पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घायल फार्मासिस्ट रूपसिंह भाटी अपने मेडिकल स्टोर से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए दो हमलावरों ने उनकी पीठ पर चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दादरी पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रूपसिंह को प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है। थाना दादरी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पूछताछ के दौरान रूपसिंह भाटी ने बताया कि उनका दादरी मेडिकल एसोसिएशन को लेकर अन्य मेडिकल स्टोर के मालिक विनोद पुत्र रघुवीर, निवासी नहर बाईपास, दादरी से विवाद चल रहा है। पुलिस इस मामले को चिकित्सा संघ चुनाव से जुड़े विवाद के तौर पर भी देख रही है। पुलिस ने बताया कि जांच और साक्ष्य संकलन के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अन्य लोगों से भी पूछताछ जारी है।

## किसानों का धरना 61वें दिन जारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में किसानों का धरना सोमवार को 61वें दिन भी जारी रहा। यह धरना भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में और अहमद खां की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। धरने के दौरान, ठाकुर ओमवीर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में सुनील भाटी और नरेश भाटी सहित अन्य सदस्य शामिल थे, जिन्होंने आंदोलन की प्रगति पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा कथित जल दोहन की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी आश्वासन दिया कि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों के साथ किसानों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिया। धरने में सिब्बू मुखिया, जगत सिंह, मनवीर सिंह, ओमपाल सिंह, धर्मपाल मीणा, शिवचरण, रन्नु, अनिल भाटी, करनपाल मीणा, धर्मवीर, तनिश भाटी और दिपांशु भाटी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कूटू पकौड़ी खाने से 5 लोग बीमार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मूंजखेड़ा गांव में नवरात्रि व्रत के दौरान कूटू के आटे की पकौड़ी खाने से एक ही परिवार के पांच सदस्य बीमार हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। परिवार के मुखिया रामभूल ने बताया कि उन्होंने रविवार को पास के सलारपुर गांव से कूटू का आटा खरीदा था। रात में उसी आटे से पकौड़ी बनाकर खाई गई। इसके बाद परिवार के निर्मल, कौशल, प्रदीप, अरुण और रोहित की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बीमार सदस्यों में उल्टी, दस्त और चक्कर आने की शिकायतें सामने आईं। सभी को तुरंत दनकौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने त्योहारों के समय नकली या मिलावटी सामान की बिक्री पर चिंता जताई है और प्रशासन से निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वहीं, खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद ही मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लापता किशोरी को दो घंटे में खोज निकाला

ग्रेटर नोएडा। कासना कोतवाली क्षेत्र के डाढा गांव से सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग दृष्टिहीन महिला की बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। महिला की सूचना पर पुलिस की टीम ने महज दो घंटे में किशोरी को तलाश कर परिजनों को सुपुर्द किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। कासना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार की सुबह दृष्टिहीन बुजुर्ग महिला थाने पर पहुंची। महिला ने पुलिस को बताया कि 14 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई है। इस सूचना पर तुरंत चौकी प्रभारी सिरसा एवं महिला मिशन शक्ति केंद्र की महिला उप निरीक्षक प्रियंका के द्वारा लड़की को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं मैनुअल इंटेलिजेंस के माध्यम से दो घंटे में ही खोज लिया गया।लड़की से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह स्वयं किसी नौकरी की तलाश में घर से निकली थी। पुलिस ने सकुशल किशोरी को तलाश कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। दृष्टिहीन महिला ने बेटी को पाकर खुशी जाहिर करते हुए पुलिस की प्रशंसा की।

## मॉडलिंग के बहाने महिला से 32 लाख ऐंठे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने बच्चों से संबंधित उत्पादों के लिए मॉडलिंग कराने और निवेश पर मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 32 लाख रुपये ठग लिए। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई, उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। निजी कंपनी की कर्मचारी सेक्टर-79 निवासी तबिंडा इमाम ने पुलिस को शिकायत दी कि वह मॉडलिंग भी करती हैं। इसी साल 19 अगस्त को सोशल मीडिया पर उनको बाल मॉडलिंग से संबंधित एक विज्ञापन दिखा। उन्होंने ज्यादा जानकारी के लिए विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक किया।इससे वह सीधे एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गईं। यहां उनको बच्चों के उत्पादों के लिए मॉडलिंग करने के अवसरों की जानकारी दी गई। साथ ही, ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बच्चों के उत्पाद बनाने वाली कंपनी में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। तबिंडा इमाम ने झांसे में आने के बाद एक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद तीन चरण को पूरा करने के लिए रुपये निवेश कराने की शुरुआत की गई। पीड़िता ने पहले चरण में 90 हजार रुपये निवेश किए। बाद में अगले चरण के तहत 17 लाख 17 हजार 900 रुपये ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। यह रकम पोर्टल पर बिटकॉइन में निवेश की तरह दिखाई दी।

# मिशन शक्ति-5.0 : पीलीभीत में छात्राओं ने संभाली थाना व सीओ ऑफिस की जिम्मेदारी

**महिला सुरक्षा और जागरूकता को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान**







**पीलीभीत।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत जनपद पीलीभीत में सोमवार को पुलिस की ओर से अनोखी पहल की गई। अभियान के अंतर्गत कई विद्यालयों की छात्राओं को एक दिन का थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बनाकर उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और महिला सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा।

### कोतवाली में 11वीं की छात्रा बनीं थानाध्यक्ष

थाना कोतवाली क्षेत्र में वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा भूमिका शर्मा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और फरियादियों की समस्याओं को सुना। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था और साइबर सुरक्षा की जानकारी भी दी।

### माधोटांडा में सिमरन कौर ने संभाली कमान

इसी कड़ी में थाना माधोटांडा क्षेत्र के विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा सिमरन कौर को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही थाने पर आए लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर समाधान के उपाय सीखे।

### पांचवीं कक्षा की छात्रा बनी क्षेत्राधिकारी

क्षेत्राधिकारी कार्यालय पूरनपुर में एक प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। यहां प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर की कक्षा पांच की छात्रा मैज़ बी को एक दिन के लिए सीओ बनाया गया। उन्हें पुलिस कार्यालय का भ्रमण कराया गया और पुलिस की कार्यप्रणाली के साथ-साथ राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

### महिला थाना में छात्राओं को मिली विशेष जानकारी

महिला थाना परिसर में रानी अवंती बाई स्कूल की छात्राओं को आमंत्रित कर पुलिस कार्यशैली से परिचित कराया गया। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102/108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 समेत अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

### जनपदभर में चला जागरूकता अभियान

जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम, मिशन शक्ति टीम और थाना पुलिस ने विभिन्न स्कूलों और क्षेत्रों में पहुंचकर बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूक किया।
उन्हें आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए।
मिशन शक्ति-5.0 अभियान ने पीलीभीत में छात्राओं और महिलाओं में आत्मविश्वास भरने का कार्य किया है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 474 लाभार्थियों को मिली नि:शुल्क सेवाएं

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत हुआ आयोजन

**पीलीभीत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरैना गाँधीनगर, पूरनपुर में सोमवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान तथा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुरैना गाँधीनगर विजय सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अभियान की रूपरेखा और इसके तहत दी जा रही सेवाओं का विस्तार से विवरण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना है। स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच व टीकाकरण, बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, किशोर-किशोरियों को मार्गदर्शन, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर और शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार और दवाइयाँ वितरित की गईं।
शिविर में कुल 474 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। इनमें होम्योपैथिक 57, आयुष 50, दंत 53, मानसिक स्वास्थ्य 93, टीबी 38, ईएनटी 72, नेत्र 44, योग 98, प्रसव पूर्व जांच 38, कुष्ठ रोग 48, एनसीडी 135, किशोर स्वास्थ्य 102, परिवार नियोजन 120, आयुष्मान कार्ड 14, महिला रोग 40, बाल रोग 30 मरीजों को परामर्श और उपचार मिला। इसके अतिरिक्त 62 लोगों की विभिन्न रोगों से संबंधित जांच की गई।

### शिविर में रहे कई चिकित्सक व जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. ओ.पी. मौर्या, डॉ. डी.के. त्रिपाठी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अजय शुक्ला, डॉ. रंजीत रंजन, डॉ. पलास शर्मा, पल्लवी सक्सेना, नीलम देवी, कामिनी, फार्मासिस्ट आलोक कुमार और अनिल कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, स्टाफ, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान में दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सोमवार को दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण वितरित किए गए।
ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता मुख्य अतिथि और जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व संयोजक गोकुल प्रसाद मौर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में 50 से अधिक दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि और नगर पालिका पूरनपुर के चेयरमैन भी शामिल हुए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पीलीभीत के एमआई/समन्वयक सुखबीर सिंह भदौरिया ने किया। विभाग ने जानकारी दी कि दिव्यांगजन किसी भी सहायक उपकरण के लिए विभागीय पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# कानपुर में 30 करोड़ का मालिक निकला कानूनगो

कानपुर। कानपुर के कानूनगो आलोक दुबे के नाम पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति सामने आई है। उसने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीनों में हेराफेरी की थी। डीएम ने उसे रिवर्ट कर अब लेखपाल बना दिया। अब तक की जांच में उसकी, पत्नी और बच्चों के नाम से करीब 41 संपत्तियां सामने आ चुकी हैं। इसकी बाजार में कीमत करीब 30 करोड़ से अधिक है। जमीन की हेराफेरी के मामले में आलोक दुबे के साथ कलेक्ट्रेट में बैठने वाली लेखपाल अरुणा द्विवेदी का भी नाम सामने आया है। उनकी भी कई जमीनों पर हिस्सेदार बताई जा रही है। दोनों ने मिलकर 2023 से लेकर 2025 तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में कई जगहों पर कुल 8.62 हेक्टेयर जमीन खरीदी है।
जिला प्रशासन की जांच में सामने आया कि कल्याणपुर में रहने वाले आलोक दुबे ने जो जमीनें ली हैं, वो अधिकतर सचेंडी और बिठूर के आसपास के गांवों में हैं। ये जमीन आलोक की पत्नी संगीता और दोनों बेटों के नाम पर हैं।

# जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न, पोषण ट्रैकर और गर्भवती माताओं की समीक्षा



**पीलीभीत।** गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।
बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय प्रगति का बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया, जिसके आधार पर जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा की।बैठक में पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के वजन, गृह भ्रमण और राशन की फीडिंग की समीक्षा की गई। गर्भवती माताओं के वजन, पोषण और वजन मशीन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने गर्भवती पंजीकरण, गुणवत्तापरक फीडिंग और कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए निर्देश दिए।
बैठक की शुरुआत में जनपद में तैनात नई मुख्य सेविकाओं ने अपना परिचय दिया। जिलाधिकारी ने उन्हें विभागीय कार्यों का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए और मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। साथ ही 15 वर्ष से ऊपर की निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने का लक्ष्य सौंपते हुए संबंधित विद्यालयों और बीएसए को जानकारी देने के लिए कहा।मुख्य विकास अधिकारी ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने आठों परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। चेहरा प्रमाणीकरण में जनपद की स्थिति 36वें स्थान पर होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया और शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कार्यकत्रियाँ घर-घर जाकर गर्भवती पंजीकरण और पोषण जागरूकता का कार्य प्रभावी ढंग से करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक अभियंता आरईडी, डॉ. नीता (पोषण पुनर्वास केंद्र प्रभारी), बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएँ, जिला व ब्लॉक समन्वयक मौजूद रहे।

# एसपी ने मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी, की छात्राओं को किया जागरूक

**शिक्षा के संग सुरक्षा का ज्ञान, यहीं है मिशन शक्ति का अभियान**



**ललितपुर।** उत्तर- प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत उच्चाधिकारीगण के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ललितपुर में जाकर बालिका/महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि , विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- (वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108),(मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । साइबर अपराध की जानकारी किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल , ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।
किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें। अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जेनुइन app ही download करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी app download न करें, ।सोशल मीडिया ऐप जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप आदि पर सिक्योरिटी फीचर ऑन रखें , अपने पासवर्ड आदि को बदलते रहे, अपनी निजी व्यक्तिगत जानकारी, या फोटो वीडियो शेयर न करें आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बाल विवाह के प्रति जागरूकता छात्राओं को बाल विवाह तथा बाल विवाह से सम्बन्धित अधिनियम में निहित प्रावधानों के विषय में जागरूक किया गया । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज में जागरूक किया जा रहा था, जिसके क्रम में एक छात्रा द्वारा बताया गया कि सक्सेज स्टोरी 01-छात्रा द्वारा साइबर अपराध से स्वयं को जागरूक करके अपने रिश्तेदारो व पड़ोसियों को जागरूक किया गया।

# गोष्ठी में रेबीज से बचाव और उपचार की दी जानकारी

**ललितपुर।** विश्व रेबीज दिवस पर सीएमओ कार्यालय में सोमवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें रेबीज से बचाव और उपचार की जानकारी दी गई।
इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि लोगो को रैबीज से डरने की नही बल्कि इससे बचाव के लिये जागरूक होने की जरूरत हैं। उन्होने कहा कि मनुश्यों को जानवरो से होने वाले इस रोग से बचाव और इसके रोकथाम के लिये जन जागरूकता बढाना काफी आवष्यक हैं।
सभी लोगो को अपने पालतू पषुओं को रैबीज का टीकाकरण समय पर करवाना अनिवार्य हैं। क्योंकि यह बीमारी संक्रमित पषुओ के लार से फैलता है भारत सरकार ने वर्श 2030 तक रैबीज मुक्त भारत बनाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे लिये राश्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण का आयोजन भी वृहद पैमने पर किया जा रहा हैं।
कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी डा0 रामनरेष सोनी ने बताया कि हर साल 28 सितम्बर के दिन को विष्व रैबीज दिवस के तौर पर मनाया जाता है, वर्तमान वर्श में विष्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहली बार बिना रैबीज षब्द के प्रयोग बिना "एक्ट नॉव यू, मी, कम्यूनिटी" की थीम के साथ रैबीज पर जागरूकता बताने पर जोर दिया हैं। रैबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता बेहद जरूरी हैं।

# नमामि गंगे के अंतर्गत बच्चों ने सीखी नदी संरक्षण की सीख

## जिला गंगा समिति द्वारा एस.डी.पी.एस विद्यालय में कार्यक्रम



**ललितपुर।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में एस.डी.पी.एस विद्यालय में 'जनपद की नदियों' विषय पर एक शैक्षिक-सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने क्षेत्र की जल संपदा से सीधे रूबरू कराना और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।
परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों को ललितपुर जिले से बहने वाली प्रमुख नदियों जैसे बेतवा, जामनी, सहजाद, धसान, रोहिणी, अमझिर, ओडी, बानई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।
उन्होंने जनपद में चल रहे नदी पुनर्जीवन कार्यों के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया द्य विद्यालय प्रबंधक प्रदीप जैन ने कहा कि नदियाँ हमारी जीवनरेखा हैं और उनका संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए नदियों के सुंदर दृश्यों, उनके पर्यावरणीय महत्व और प्रदूषण जैसी समस्याओं को पोस्टरों के माध्यम से उजागर किया।

## मेरठ में ईंट से कूचकर युवक की हत्या

**मेरठ।** मेरठ में युवक की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। आरोपी ने 15 सेकेंड में युवक को करीब 18 बार सिर पर ईंट मारीं और मौके से भाग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और ष्टष्टञ्जङ्क के आधार पर पहचान कर रविवार देर रात आरोपी को अरेस्ट किया। वारदात सरूरपुर थाना क्षेत्र के भूनी की है। हत्या का सीसीटीवी भी सामने आया है। एक मिनट 35 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि मोती नाम का युवक हाफ पैंट और शर्ट पहने गली में आता दिख रहा है। यहां वह एक दुकान के पास पहुंचा। वहां देखा कि पवन लेटा है। इसके बाद मोती ने पास में रखी ईंट को उठा लिया।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने महिलाओं छात्राओं को किया जागरूक




**ललितपुर।** गिरार उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस टीमों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।
सोमवार को गिरार थाने की पुलिस टीम ने प्राथमिक विद्यालय भीकमपुर गिरार में छात्राओं को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया।
पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थानों,स्कूलों कॉलेजो व पार्को में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित बातें व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपात कालीन सेवा 102 स्वास्थ्य सेवा 108 एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

# शार्ट न्यूज

## सड़क हादसे में युवक की मौत, चार दोस्त घायल

### लखनऊ से पूर्णागिरि धाम जा रही कार बस से टकराई

**पीलीभीत।** पूर्णागिरि धाम दर्शन के लिए जा रहे लखनऊ के पांच युवकों की कार सोमवार तड़के असम हाईवे पर रोडवेज बस से टकरा गई। भीषण हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पूरनपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के करीब 3: 30 बजे लखनऊ से पूर्णागिरि धाम जा रही कार पूरनपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर मोड़ के पास सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में थाना काकोरी लखनऊ के कटिहर गांव निवासी अभिषेक यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें थाना बिजनौर के नजमाबाद निवासी सागर यादव, रहीमाबाद निवासी शिवम यादव, गोसाईगंज निवासी अनीस सिंह यादव और रहीमाबाद लखनऊ के सचिन शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी पूरनपुर भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है।

## बालिकाओं को गुड टच बैड टच का महत्व सिखाया

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** शासन की मंशा के अनुरूप उप निरीक्षक महरुआ थाना पूजा शुक्ला के द्वारा स्कूल के बच्चों को दी गई गुड टच और बैड टच की जानकारी। स्कूली बच्चियों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम के रुप में महरुआ थाना क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल में महरुआ थाना उपनिरीक्षक पूजा शुक्ला के द्वारा पहली से आठ कक्षा के छात्राओं के लिए गुड टच और बैड टच जैसे एक उपयोगी जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसका एक मात्र उद्देश्य बाल यौन शोषण और महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध के खिलाफ के खिलाफ जागरूकता फैलाना और बच्चों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में शिक्षित करना है।बच्चों ने बुरे स्पर्श वाले क्षेत्रों की पहचान करना सीखा।अपने माता पिता,शिक्षकों, व्यस्कों को जो वे भरोसा करते है,यह सब बताए।महिला उपनिरीक्षक पूजा शुक्ला ने यह भी समझाया कि जब कोई स्पर्श हो तो क्या करें। ऑडियो और वीडियो के माध्यम से बच्चियों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक पूजा शुक्ला के उपनिरीक्षक सूर्यमणि शुक्ला महिला कांस्टेबल और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं महिलाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थानों,स्कूलों कॉलेजो व पार्को में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित बातें व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा 102 स्वास्थ्य सेवा 108 एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

## 17 विभाग मिलकर चलाएंगे दस्तक अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज 5 अक्टूबर से होगा। 31 अक्टूबर 2025 तक इस अभियान को संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम विशाख जी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की जानकारी ली। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट सिटी के सहयोग से जोनवार हॉट स्पॉट मैपिंग की गई है। जिनमें नगर निगम के जोन 4, 5 और 6 वर्तमान में संवेदनशील हैं। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को किया कि जोनवार स्थित मेडिकल फैसिलिटी को आईडेंटिफाई कर वहां संचारी रोगों के लिए अलग से बेड आरक्षित किए जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि नगर निगम के सभी जोनों की चिकित्सा इकाइयों में 10-10 बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

## युवक का फंदे से लटका मिला शव

**बरहज।** बरहज के पलियां वार्ड में सोमवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। युवक की पहचान अशोक के पुत्र दीपक के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों के अनुसार, दीपक रविवार शाम भोजन के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। सोमवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठे, तो परिवार के सदस्य उन्हें जगाने कमरे में गए। दरवाजा खोलने पर उन्होंने दीपक का शव छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटका देखा, जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि दीपक पारिवारिक विवाद के कारण परेशान थे और इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में मोर्टार शेल फटने से चार किशोरों की मौत, दो घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुराना मोर्टार शेल फटने से चार किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा अफगानिस्तान सीमा से लगे बाजौर जिले के मामुंड तहसील के लघराई गांव में हुआ। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बच्चों को जमीन पर पड़ा पुराना गोला-बारूद मिल गया था और खेलते-खेलते उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो 18 वर्षीय, एक 15 वर्षीय और एक 13 वर्षीय लड़का शामिल है। जिला पुलिस अधिकारी वकास रफीक ने कहा कि घायलों को पाकिस्तान आर्मी के हेलिकॉप्टर से पेशावर ले जाया गया, जहां उनका आपात चिकित्सा उपचार चल रहा है।

### ट्रंप की जन्मसिद्ध नागरिकता पर रोक की सुप्रीम गुहार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वह उनके जन्मसिद्ध नागरिकता पर रोक संबंधी आदेश को बरकरार रखे। इस आदेश के मुताबिक, अवैध रूप से या अस्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे माता-पिता के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। यह अपील शनिवार को सामने आई, जिससे सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर जल्द ही अंतिम फैसला आने की संभावना है। फिलहाल निचली अदालतों ने इस आदेश के लागू होने पर रोक लगा रखी है। सॉलिसिटर जनरल डी जॉन सॉयर ने कहा कि निचली अदालतों का फैसला राष्ट्रपति और प्रशासन की नीति को कमजोर करता है और बिना कानूनी आधार के हजारों लोगों को अमेरिकी नागरिकता का लाभ देता है।

### घुटने टेकते हुए फोटो खिंचवाने वाले एफबीआई के एजेंट बर्खास्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एफबीआई ने अपने उन एजेंटों को बर्खास्त कर दिया है जिन्होंने वाशिंगटन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान घुटने टेकते हुए तस्वीरें खिंचवाई थीं। यह प्रदर्शन 2020 में मिनियापोलिस पुलिस अधिकारियों के हाथों जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद हुआ था। अमेरिकी जांच ब्यूरो ने पिछले साल इन एजेंटों की पुनर्नियुक्ति की थी लेकिन अब उन्हें फिर बर्खास्त कर दिया गया है। हालांकि, बर्खास्त कर्मचारियों की संख्या स्पष्ट नहीं है।

### ईरान ने फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन से अपने राजदूतों को वापस बुलाया

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के परमाणु प्रतिबंधों को फिर से लागू करने से पहले कड़ा रुख अपनाते हुए फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं। इन तीनों देशों ने अंतराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग न करने और अमेरिका के साथ सीधी बातचीत न करने के कारण ईरान पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया था। इस कदम से तेहरान में कूटनीतिक तनाव बढ़ सकता है। प्रतिबंध लागू होने के बाद विदेश में ईरान की संपत्तियां जब्त कर लीं जाएंगी और उसके साथ हथियार सौदे भी रोक दिए जाएंगे।

### अमेरिकी साइबर सुरक्षा एजेंसी ने चीनी हैकरों से किया सतर्क

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी साइबर सुरक्षा एजेंसी सीआईएसए ने देश की सभी संघीय एजेंसियों को चीनी हैकरों के प्रति सतर्क किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन से जुड़े हैकर जीरो-डे खामियों का फायदा उठा रहे हैं। यह सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर में एक ऐसी अनदेखी सुरक्षा खामी है, जिसका पता न तो सॉफ्टवेयर डेवलपर को होता है और न ही सुरक्षा समुदाय को। सीआईएसए ने चेतावनी जारी करते हुए सभी एजेंसियों को अपने सिस्टम की खामियों का पता लगाने और उन्हें ठीक करने का निर्देश दिया है।

### गाजा संघर्ष के बीच टेंपल माउंट पहुंचे 68,429 यहूदी

**गाजा, एजेंसी।** हमास के खिलाफ इस्राइल के युद्ध के बीच यहूदियों ने रिकॉर्ड संख्या में टेंपल माउंट की यात्रा की है। टेंपल माउंट, राजधानी यरूशलम स्थित यहूदी धर्म का सबसे पवित्र स्थल है। एक गैर-लाभकारी संस्था ने बताया पिछले यहूदी वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 68,429 यहूदियों ने टेंपल माउंट के दर्शन किए। यह संख्या पिछले वर्ष के 56,057 की तुलना में 22 फीसदी अधिक है। टेंपल माउंटु के प्रवक्ता अकीवा एरियल ने कहा कि यह व्यवस्थित दस्तावेजीकरण शुरू होने के बाद से दर्ज की गई सबसे बड़ी संख्या है।

# अमेरिका ने गाजा में शांति के लिए खींचा खाका; इस्राइल हटेगा, हमास को छोड़ने होंगे हथियार




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और भविष्य में फलस्तीनी राज्य का रास्ता बनाने के लिए अमेरिका ने 21 सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के तहत इस्राइल को गाजा से अपनी सेना हटानी होगी और हमास को पूरी तरह से निरस्त्र होना पड़ेगा। इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के पुनर्निर्माण और वहां के निवासियों को विस्थापित न करने जैसी अहम बातें शामिल हैं।

**यूएनजीए में अमेरिका ने साझा किया दस्तावेज :** यह दस्तावेज अमेरिका ने इस हफ्ते न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान कुछ अरब और मुस्लिम देशों के साथ साझा किया। इस योजना को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें गाजा के लोगों को वहीं रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यह अमेरिकी नीति में बड़ा बदलाव है क्योंकि फरवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका गाजा को अपने नियंत्रण में लेकर वहां के करीब 20 लाख लोगों को स्थायी रूप से कहीं और बसाएगा।

**ट्रंप की योजना में फलस्तीनी राज्य का जिक्र :** इसके अलावा, योजना में भविष्य के फलस्तीनी राज्य का जिक्र भी है, जबकि ट्रंप प्रशासन ने अब तक दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन नहीं किया था। इस प्रस्ताव में इस्राइल के लिए भी कई फायदे हैं, जैसे हमास का पूरी तरह से निरस्त्रीकरण, गाजा को आतंक मुक्त क्षेत्र में बदलना और वहां के लोगों को चरमपंथी विचारधारा से दूर करने की प्रक्रिया शुरू करना।

**नेतन्याहू ने जताया कड़ा विरोध :** उधर, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद येरुशलम से एक मील दूर फलस्तीनी राज्य बनाना वैसा ही है जैसे 9/11 के बाद न्यूयॉर्क से एक मील दूर अल-कायदा का राज्य बना देना। यह पूरी तरह पागलपन है, और हम इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

**ट्रंप की उम्मीदें बरकरार :** इस विरोध के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे लेकर आशा जताई। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि, पिछले चार दिनों से गहन वार्ताएं चल रही हैं और तब तक जारी रहेंगी जब तक कोई ठोस समझौता नहीं हो जाता। सभी क्षेत्रीय देश इस प्रक्रिया में शामिल हैं। हमास भी बातचीत से पूरी तरह वाकिफ है और इस्राइल को भी हर स्तर पर जानकारी दी गई है। क्या है ट्रंप का शांति प्रस्ताव? गाजा को आतंक मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा, ताकि वह पड़ोसी देशों के लिए कोई खतरा न बने।

गाजा का पुनर्निर्माण और विकास कार्य शुरू होगा, जिससे वहां के लोगों का जीवन बेहतर हो। जैसे ही दोनों पक्ष इस योजना को स्वीकार करेंगे, इस्राइल तुरंत सैन्य अभियान रोक देगा और चरणबद्ध तरीके से गाजा से सेना हटाएगा। इस्राइल के सार्वजनिक रूप से योजना स्वीकार करने के 48 घंटे के भीतर सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। बंधकों की रिहाई के बाद इस्राइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों, 1000 से अधिक हिरासत में लिए गए गाजावासियों और फलस्तीनियों के शवों को लौटाएगा। जो हमास सदस्य शांतिपूर्वक साथ रहने की शपथ लेंगे, उन्हें माफी दी जाएगी। जो बाहर जाना चाहेंगे, उन्हें सुरक्षित रास्ता और किसी इच्छुक देश में बसने की सुविधा मिलेगी। समझौते के बाद मानवीय सहायता गाजा में बड़े पैमाने पर भेजी जाएगी। रोजाना कम से कम 600 ट्रक राहत सामग्री पहुंचेंगे। सहायता सामग्री का वितरण संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रिसेंट जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की तरफ से किया जाएगा। गाजा का प्रशासन फलस्तीनी तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में होगा, जिसे एक अंतरराष्ट्रीय समिति की निगरानी में चलाया जाएगा। गाजा के लिए एक आर्थिक पुनर्निर्माण योजना बनाई जाएगी, जिससे निवेश और रोजगार के अवसर पैदा हों। गाजा में विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित होगा, जहां करों में छूट और व्यापारिक सुविधाएं दी जाएंगी। किसी भी निवासी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। जो बाहर जाएंगे, उन्हें वापस लौटने का अधिकार होगा। गाजा की शासन व्यवस्था में हमास को कोई भूमिका नहीं मिलेगी और सभी आतंकी सुरंगें व सैन्य ढांचे नष्ट किए जाएंगे। क्षेत्रीय देश यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास और अन्य समूह समझौते का पालन करें। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की मदद से अस्थायी सुरक्षा बल गाजा में तैनात होंगे। ये सुरक्षा और स्थानीय पुलिस को प्रशिक्षण देंगे। इस्राइल न तो गाजा का विलय करेगा और न ही स्थायी कब्जा। अगर हमास प्रस्ताव को मानने में देरी करता है, तो पहले आतंक-मुक्त क्षेत्रों में यह योजना लागू होगी। इस्राइल कतार पर हमला नहीं करेगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय गाजा संकट में कतार की मध्यस्थता की भूमिका को मान्यता देगा। गाजा के लोगों को चरमपंथ से दूर करने के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# पाकिस्तान, चीन, ईरान और रूस ने अफगानिस्तान में विदेशी एयरबेस बनाने का विरोध किया




**न्यूयार्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान इन चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई, जिसमें अफगानिस्तान की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करने की अपील की गई। दरअसल, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस को अमेरिका को लौटाने की मांग की है। जिसे 2001 में 9/11 हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने इस्तेमाल किया था। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान ऐसा नहीं करता तो बुरे नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने कहा था कि बगराम एयरबेस रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। यह चीन की परमाणु हथियार सुविधाओं से सिर्फ एक घंटे की दूरी पर है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में बगराम को छोड़ने के फैसले को एक असफलता बताया था। हालांकि, अफगान अधिकारियों ने साफ कहा था कि वे किसी भी तरह की अमेरिकी सैन्य मौजूदगी के पक्ष में नहीं हैं। अफगान विदेश मंत्रालय के अधिकारी जाकिर जलाल ने कहा, अफगानिस्तान और अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए, लेकिन अफगान जमीन पर अमेरिकी सैन्य उपस्थिति स्वीकार्य नहीं है।

### अमेरिका के रेस्टोरेंट पर फायरिंग, 3 लोगों की मौत, 8 घायल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में शनिवार रात एक रेस्टोरेंट पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए हैं। इस हमले के पीछे का मकसद अब तक सामने नहीं आया है। यह घटना रात 9:30 बजे अमेरिकन फिश कंपनी रेस्टोरेंट में हुई। पुलिस के मुताबिक, 7 लोग गोलीबारी की चपेट में आए। बाकी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यहां के सिटी मैनेजर नोहा साल्डो ने बताया कि रेस्टोरेंट पर गोलियां करने के बाद हमलावर एक बोट पर बैठकर पानी के रास्ते फरार हो गया।

## पुतिन बोले- भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश, स्वतंत्र-संप्रभु नीति अपना रहा



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। पीएम मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना की रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है। पुतिन ने भरोसा जताया कि भारत और रूस क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद जारी रखेंगे।

# दिसंबर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले- खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे।

लावरोव ने आगे कहा, यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा।

हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं: लावरोव भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा, भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है। शुरुआत में इसे रणनीतिक साझेदारी कहा गया, बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी और अब विशेष रूप से विशेष रणनीतिक साझेदारी कहा जाता है।

दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना लावरोव ने आगे कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में तियानजिन में मिले थे। दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना भी बनाई जा रही है। लावरोव ने कहा, हमारे पास एक बहुत व्यापक द्विपक्षीय एजेंडा है, जिसमें व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, मानवीय मामले, स्वास्थ्य सेवा, उच्च तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और निश्चित रूप से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और द्विपक्षीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घनिष्ठ समन्वय शामिल है। इस साल रूस का दौरा करेंगे एस जयशंकर लावरोव ने यह भी कहा कि इस साल मेरे सहयोगी सुब्रह्मण्यम जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का। उन्होंने कहा, हम नियमित रूप से संपर्क में रहते हैं। मुझे यह नहीं पूछना कि हमारे व्यापार या तेल संबंधों का क्या होगा। हमारे भारतीय सहयोगी अपने फैसले खुद करने में सक्षम हैं। मेरे सहयोगी ने कहा था, यदि अमेरिका हमें अपना तेल बेचना चाहे, तो हम उस पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन जो हम अन्य देशों, विशेष रूप से रूस से खरीदते हैं, वह केवल हमारा काम है और इसका भारतीय-अमेरिकी एजेंडा से कोई लेना-देना नहीं।

# अर्जेंटीना में नशे के सौदागरों का आतंक, तीन युवतियों की तड़पाकर की हत्या; इंस्टाग्राम पर भी किया लाइव

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में तीन युवतियों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि, इनकी हत्या न सिर्फ बेरहमी से की गई, बल्कि इसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लाइव भी दिखाया गया। ये वारदात नशे के गिरोह से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 20 वर्षीय मोरेना वेरदी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो, जो आपस में चचेरी बहनें थीं, और 15 वर्षीय लारा गुटिरेज शामिल हैं। इनके शव बुधवार को ब्यूनस आयर्स के दक्षिणी इलाके में एक घर के आंगन में दफन मिले। ये तीनों 19 सितंबर से लापता थीं। पुलिस जांच में हुआ बड़ा खुलासा पुलिस जांच में पता चला कि युवतियों को पार्टी का झांसा देकर एक वैन में ले जाया गया। वहां गिरोह के लोगों ने उन्हें यातनाएं दीं और फिर उनकी हत्या कर दी। इस गिरोह का मकसद दूसरों को डराना और यह संदेश देना था कि उनसे नशीली दवाओं की चोरी करने वालों का यही अंजाम होगा।

**इंस्टाग्राम पर लाइव किया गया वीडियो :** अधिकारियों के अनुसार, यह खौफनाक घटना इंस्टाग्राम के एक निजी अकाउंट पर लाइव दिखाई गई, जिसे 45 लोगों ने देखा। हालांकि इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा का कहना है कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि वीडियो उनके प्लेटफॉर्म पर लाइव किया गया। अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवतियों की यातना इतनी भयानक थी कि उनके शरीर की पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस का कहना है कि उनके नाखून उखाड़े गए, उंगलियां काटी गईं और उन्हें पीटने के बाद गला घोंटकर मार डाला गया।

**पुलिस ने अब तक पांच लोगों को किया गिरफ्तार :** इस मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पांचवें आरोपी को बोलिविया की सीमा पर मौजूद शहर विलाजोन से पकड़ा गया। लेकिन इस साजिश का मुख्य आरोपी, जो 20 वर्षीय पेरू का नागरिक है, अब भी फरार है। वहीं इस हत्याकांड के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और संसद तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने लारा, ब्रेंडा, मोरेना लिखी तख्तियां और बैनर लेकर न्याय की मांग की।

**परिजनों ने न्याय और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की :** ब्रेंडा के पिता ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। मेरी बेटी के साथ जो हुआ, वह किसी जानवर के साथ भी नहीं किया जाता। लारा की एक रिश्तेदार ने साफ किया कि 15 वर्षीय लारा का ड्रग्स से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा, हम सच चाहते हैं और चाहते हैं कि जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा मिले। हम डरेंगे नहीं।

## जेन जी आंदोलन के लिए घुसपैठिए जिम्मेदार; नेपाल के पूर्व पीएम बोले- नहीं चलवाई प्रदर्शकारियों पर गोली



**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा कि उन्होंने जेन जी प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया। ओली ने भक्तपुर जिले के गुंडू क्षेत्र में अपने निजी आवास पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रदर्शनकारियों पर ऑटोमेटिक बंदूकों से गोलियां चलाई गईं, जो पुलिस के पास नहीं थीं, और मामले की जांच की मांग की।

उन्होंने बताया कि जेन जी प्रदर्शनकारियों के नाम पर हुई आगजनी और तोड़फोड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। उन्होंने घुसपैठियों को देश की स्थिति बिगाड़ने का जिम्मेदार ठहराया। ओली ने आरोप लगाया कि जेन जी आंदोलन में घुसपैठ हुई, जिससे वास्तविक प्रदर्शनकारियों को अलग कर दिया गया। उन्होंने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि नई पीढ़ी के लोगों ने सिंघा दरबार और मुख्य सरकारी सचिवालय परिसर को आग नहीं लगाई होगी। एजेंसी

विभिन्न मुद्दों को लेकर भारत पर साध चुके हैं निशाना भ्रष्टाचार और सरकारी अराजकता के चलते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर हुए ओली पहले भी भ्रामक बयान दे चुके हैं और जेन-जी आंदोलन को लेकर भारत पर भी निशाना साध चुके हैं। आंदोलन के बाद पहली बार सामने आने पर ओली ने अपनी गलती स्वीकार करने की जगह भारत पर तमाम आरोप मढ़े थे। ओली ने कहा था कि अयोध्या, भगवान राम के जन्म, कालापानी और लिपुलेख जैसे मुद्दों पर अड़े रहने की वजह से उनकी सरकार को निशाना बनाया गया है।

# यूएनएससी में समर्थन के लिए भारत का धन्यवाद: त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को कहा शुक्रिया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। दरअसल, उन्होंने यह खुलासा किया कि भारत ने उनके देश के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूनएससी) में सीट हासिल करने के प्रयासों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, भारत ने हमें यूएन सुरक्षा परिषद की सीट पाने में समर्थन दिया। हमें उस दौरान किसी भी देश की ओर से आपत्ति नहीं मिली। कई देशों ने हमारा साथ दिया और हम भारत के साथ मिलकर आगे भी इस दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हैं।

**दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने पर पीएम मोदी की तारीफ :** कमला प्रसाद-बिसेसर ने पीएम मोदी को विशेष रूप से दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हैं। उन्होंने न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खासकर दक्षिण-दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने में उनका प्रयास सराहनीय है। दुनिया में अब तक उत्तर देशों का वर्चस्व रहा है, लेकिन मोदी जी ने दक्षिण देशों को जोड़ने और उन्हें सशक्त करने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी की हालिया यात्रा के दौरान उन्होंने ब्राजील और घाना जैसे कई दक्षिणी देशों का भी दौरा किया और भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात की। बड़े आयोजनों में प्रवासी भारतीयों को आमंत्रित किया गया, जिससे उनका जुड़ाव और मजबूत हुआ।

**भारत-त्रिनिदाद संबंधों में नया अध्याय :** इस यात्रा के जरिए भारत और त्रिनिदाद के बीच रणनीतिक साझेदारी और गहरी होगी। मोदी की इस यात्रा ने न केवल आर्थिक संबंधों को बढ़ावा दिया है, बल्कि



मानवीय सहयोग को भी नई दिशा दी है। कृत्रिम अंग वितरण जैसे सामाजिक कार्यक्रमों से गरीब तबके को तुरंत लाभ मिलेगा और दोनों देशों की जनता के बीच विश्वास और मित्रता और मजबूत होगी। कमला प्रसाद-बिसेसर ने अंत में कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं थी, बल्कि भविष्य की साझा समृद्धि की नींव रखने वाला ऐतिहासिक कदम था, जिसका असर आने वाले वर्षों तक महसूस किया जाएगा।

**पीएम मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा ऐतिहासिक :** त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए भारत के प्रति गहरी कृतज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 की शुरुआत में हुई यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले गई और इसका प्रभाव न सिर्फ आर्थिक मोर्चे पर, बल्कि सामाजिक और मानवीय स्तर पर भी गहरा होगा। कमला प्रसाद-बिसेसर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी का दिल से धन्यवाद करती हूं। उनके दौरे और हमारे साथ दिखाई गई साझेदारी ने एक ऐतिहासिक क्षण को जन्म दिया। त्रिनिदाद और टोबैगो की जनता इस यात्रा से बेहद प्रभावित हुई। हमारे देश की धरती पर आने वाले वे चौथे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनका यह दौरा दोनों देशों की गहरी मित्रता का मजबूत और जीवंत उदाहरण है।

गरीबों के लिए मुफ्त कृत्रिम अंग शिविर त्रिनिदाद की पीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के सबसे बड़े परिणामों में से एक पांच-दिवसीय कृत्रिम अंग फिटिंग शिविर है। इस शिविर में मुफ्त कृत्रिम अंग दिए जाएंगे, जिससे समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पहल में जयपुर फुट यूएसए की बड़ी भूमिका रही है। न्यूयॉर्क में जयपुर फुट यूएसए और ब्रुहुद न्यूयॉर्क सीनियर्स की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कमला प्रसाद-बिसेसर ने प्रेम भंडारी की सराहना करते हुए कहा, मैं उन्हें (प्रेम भंडारी) इस पहल के लिए बहुत धन्यवाद देती हूं। उन्होंने इस मानवीय सेवा के दायरे को और बढ़ाया है। यह एक महत्वपूर्ण मानवीय कदम है जो हजारों लोगों की जिंदगी बदल देगा।

# एशिया कप फाइनल में हाई-वोल्टेज ड्रामा: टीम इंडिया के मेडल लेकर भागा पाकिस्तान, अब बीसीसीआई लेने जा रहा बड़ा एक्शन

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को मात देकर लगातार तीसरी बार इस मुकाबले में अपनी बढ़त कायम रखी। लीग स्टेज से लेकर सुपर-4 और अब फाइनल में भी पाकिस्तान भारतीय टीम के आगे टिक नहीं सकी। हालांकि, जीत के बाद एक अलग तरह का विवाद सामने आया जिसने क्रिकेट प्रेमियों के बीच हलचल मचा दी।

### ट्रॉफी लेने से इनकार, नकवी का गुस्सा

बीसीसीआई ने पहले ही यह निर्णय लिया था कि भारतीय खिलाड़ी ट्रॉफी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेंगे। जैसे ही टीम ने सम्मानपूर्वक ट्रॉफी लेने से मना किया, नकवी आक्रोशित हो उठे। उन्होंने गुस्से में ट्रॉफी अपने साथ लेकर सीधे होटल चले गए, जिससे विवाद और बढ़ गया।

### बीसीसीआई का साफ बयान

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने इस घटना पर खुलासा किया कि यह फैसला पहले से ही लिया गया था ताकि टीम की गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का रुख साफ था और वे केवल सम्मानजनक तरीके से ट्रॉफी लेना चाहते थे।

### बीसीसीआई करेगी सख्त एक्शन

इस बीच खबर है कि बीसीसीआई अब इस मामले में आईसीसी से औपचारिक शिकायत कर सकता है। इतना ही नहीं इसे लेकर BCCI अगले महीने ICC की बैठक में इसका विरोध दर्ज कराएगा। नकवी पर भविष्य में किसी बड़े पद पर बैन लगने तक की बात कही जा रही है। आईसीसी पहले ही चेतावनी दे चुका है कि किसी भी तरह की विवादित हरकत क्रिकेट की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है।

अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि आईसीसी मोहसिन नकवी के खिलाफ क्या कदम उठाएगा। क्या उन्हें एशियाई क्रिकेट परिषद से हटाया जाएगा या भविष्य में किसी बड़े क्रिकेट पद से दूर कर दिया जाएगा? इससे कई सवाल खड़े हुए हैं और बहस गर्म हो गई है.



# अपनी मेजबानी में हमें पहली बार विश्वकप जीतने की उम्मीदें : हरमनप्रीत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि इस बार उनकी टीम के पास विश्वकप जीतते का अच्छा अवसर है। महिला विश्वकप 30 सितंबर से शुरु होगा। इसकी मेजबान भारत कर रह है पर इसके कुछ मुकाबले श्रीलंका में भी होंगे। के हरमनप्रीत का कहना है कि उनकी टीम मेजबान होने के कारण घरेलू मैदानों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती है। हरमनप्रीत ने कहा, भारतीय टीम की कप्तानी करना भी उसके लिए सम्मान और गर्व की बात है। साथ ही कहा कि उनकी टीम पहली बार ये ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, विश्व कप की तैयारी काफी अच्छी रही है। टीम की सभी खिलाड़िंों ने काफी अभ्यास किया है और वह काफी अच्छे फार्म में हैं। इससे हमारी ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें बढ़ी हैं। अब से विश्व कप जीतना चाहते हैं। साथ ही कहा कि विश्वकप हर बार की तरह ही कठिन रहेगा पर हमें अपनी टीम के खेल कौशल के आधार पर जीत की उम्मीद है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर हाल के समय में टीम ने जिस प्रकार की सफलता हासिल की है उससे भी वह उत्साहित है। हम विश्व कप में भी इसी लय को बनाये रखने के लिए उतरेंगे।

हरमनप्रीत ने लिखा, ÷हमारी विश्व कप टीम में युवा और अुनभवी सहित सभी विभागों में पारंगत खिलाड़ी हैं। टीम में उपकप्तान स्मृति मंधाना से लेकर जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाज। वहीं रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के अलावा क्रांति गौड़, एन श्री चरणी और राधा यादव जैसी गेंदबाज हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसी ऑलराउंडर भी हैं।÷ साथ ही कहा कि घरेलू मैदानों में ये मुकाबले होने से टीम को दर्शकों का भी पूरा समर्थन मिलेगा। ऐसे में भारतीय टीम का प्रयास पहली बार विश्वकप जीतना रहेगा। भारतीय टीम अब तक दो बार विश्वकप के फाइनल में पहुंची है पर दोनो ही बार खिताब नहीं जीत पायी।



# एशिया कप : वे काफी कुछ कह रहे थे, तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले के बाद किया खुलासा




**दुबई (एजेंसी)।** तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ 'काफी टीका-टिप्पणी' की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की।

तिलक ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' पर टीम के साथी खिलाड़ी शिवम दुबे के साथ बातचीत में कहा, 'मैं बल्ले से जवाब देना चाहता था वे बहुत सारी बातें कह रहे थे और मैं सिर्फ अपने बल्ले से जवाब देना चाहता था। अब वे मैदान पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।' दुबे और तिलक के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी ने भारत को दो गेंद शेष रहते एशिया कप जिताने में मदद की। तिलक 53 गेंदों पर 69 रन बनाकर नाबाद रहे। दुबे ने इसके बाद हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे बल्ले ने भी बात की, उनके पास मुझे कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था।'

तिलक ने कहा कि स्टेडियम के माहौल ने उन्हें इतने बड़े मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, 'दर्शकों से 'वंदे मातरम' के जयकारे सुनकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। मैं बस 'भारत माता की जय' कहना चाहता हूं।'

# एशिया कप की पूरी फीस सेना और शहीदों को देने का किया ऐलान, जानें एक मैच के कितने पैसे लेते हैं सूर्यकुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 का खिताब भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने नाम कर लिया है। इस जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप की पूरी फीस सेना और शहीदों को देने का किया ऐलान किया है। एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला गया था और ऐसे में ये सवाल है कि सूर्यकुमार एक टी20आई मैच से कितने पैसे कमाते हैं।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार सात मैच जीतकर टूर्नामेंट में दबदबा बनाया और फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला ऐतिहासिक साबित हुआ, क्योंकि इसके साथ भारत ने अपना 9वां एशिया कप खिताब जीता। इस जीत के साथ सूर्यकुमार यादव ने

### सूर्या का दिल छू लेने वाला फैसला

मैच जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने घोषणा की कि वे एशिया कप 2025 से मिली अपनी पूरी मैच फीस भारतीय सेना और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ित परिवारों को दान करेंगे।

सूर्या ने अपने आधिकारिक एक्स (Twitter) अकाउंट पर लिखा, 'मैंने इस टूर्नामेंट की अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों की मदद के लिए दान करने का निर्णय लिया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में रहेंगे। जय हिंद।'




### कितनी है सूर्या की मैच फीस?

टेस्ट मैच की फीस - रू.15 लाख
वनडे इंटरनेशनल - रू.6 लाख
टी20 इंटरनेशनल - रू.3 लाख

एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला गया। सूर्या ब्रिगेड ने कुल 7 मुकाबले खेले। यानी एक मैच के रू.3 लाख के हिसाब से कप्तान सूर्यकुमार यादव को कुल रू. 21 लाख रुपये मिले। और उन्होंने यह पूरी रकम बिना सोचे-समझे भारतीय सेना को दान कर दी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्या का संदेश

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी सूर्या ने कहा कि, 'यह मेरे लिए सिर्फ एक जेस्चर है। मैं चाहता हूँ कि इसे लेकर कोई कंट्रोवर्सी न हो। मैं अपने देश के जवानों और शहीद परिवारों को दिल से सलाम करता हूँ। अगर मेरी छोटी-सी मदद से उन्हें सहारा मिलेगा, तो यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।'

### महिला क्रिकेटर्स को भी समान फीस

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने साल 2022 में ही महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को समान फीस देने का फैसला लिया था। यानी महिला खिलाड़ियों को भी टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए पुरुष खिलाड़ियों के बराबर भुगतान किया जाता है।

### फैंस बोले - यही है असली कप्तान

सोशल मीडिया पर सूर्या के इस कदम की जमकर सराहना हो रही है। फैंस ने लिखा, 'मैदान पर सूर्या कप्तान हैं, लेकिन दिल से वे सच्चे देशभक्त भी हैं।' कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट को ऐसा कप्तान पाकर गर्व महसूस हो रहा है।

# बोपन्ना, युजुकी शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर जापान ओपन के फाइनल में



तोक्यो। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरू युजुकी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सोमवार को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को बेहद रोमांचक मैच में हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया। बोपन्ना और युजुकी ने धैर्य दिखाते हुए हैरिसन और किंग को 4-6, 6-3, 18-16 से हराया बोपन्ना और युजुकी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और फिर मैराथन सुपर टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान 44 वर्षीय बोपन्ना ने अपनी शानदार सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि युजुकी ने शानदार रिटर्न और नेट के इस्तेमाल प्रभावित किया। इस जीत से बोपन्ना एक और फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले, 2025 में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वीन्स क्लब में एटीपी 500 के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना था।

# कुलदीप एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, मलिंगा का रिकार्ड तोड़ा



दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कुलदीप ने इस मैच में 30 रन देकर चार विकेट लेने के साथ ही श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा का एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। कुलदीप अब एशिया कप में सबसे अधिक 36 विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं। वहीं अब तक ये रिकार्ड 33 विकेट के सथ ही मलिंगा के नाम था। वहीं एशिया कप में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज श्रीलंका के पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथेया मुरलीधरन हैं। उनके नाम 30 विकेट हैं। वहीं भारत के रविन्द्र जडेजा के नाम 29 और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के नाम 28 विकेट हैं। फाइनल में चार विकेट लेने के साथ ही कुलदीप किसी भी एशिया कप संस्करण में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज़ भी बने हैं। उन्होंने इरफ़ान पठान के 2004 में बनाए 14 विकेट के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कुलदीप ने फाइनल में पाकिस्तान के साइम अय्यूब के अलावा सलमान अली आगा, शाहीन अफरीदी और फ़हीम अशरफ़ के विकेट लिए।

# भारत का महिला जूनियर एयर राइफल में क्लीन स्वीप, हिमांशु को भी स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता।

हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।



पुरुष 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में भारत के हिमांशु क्वालीफिकेशन में 633.7 अंक के साथ शीर्ष पर रहे और फिर फाइनल में फॉर्म को बरकरार रखते हुए 250.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दमित्री पिमेनोव ने 249.9 अंक के साथ रजत जबकि भारत के अभिनव साव ने 228.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

भारत के नारायण प्रणव वनिता सुरेश 187.0 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट एलेक्सांद्र कोवालेव ने शूट ऑफ में भारत के मुकेश नेलावल्ली को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। दोनों ने समान 27 हिट लगाए जिसके बाद कोवालेव ने 3-1 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता। मुकेश को रजत पदक मिला।

क्वालीफिकेशन के बाद शीर्ष पर रहे भारत के सूरज शर्मा ने 21 हिट के साथ कांस्य पदक जीता। समीर 15 हिट के साथ चौथे स्थान पर रहे। ट्रैप जूनियर स्पर्धा के पहले दिन कड़ा मुकाबला देखने को मिला। महिला वर्ग में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट सेनिया समोफालोवा, भारत की आद्या कत्याल और इटली की सोफिया गोरी 75 में से 70 निशाने लगाकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

अमेरिका की लूसी मायर्स 69 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि भारत की तनीषा सेंथिल कुमार सहित चार निशानेबाजों के 68 अंक हैं। पुरुष वर्ग में क्रोएशिया के टोनी गुडेल्ज और स्पेन के डेनियल फर्नांडिज डि विसेंटे 73 हिट के साथ शीर्ष पर हैं जबकि सात निशानेबाजों के 72 अंक हैं।

# टेलर फिट्ज ने जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर जापान ओपन के फाइनल में किया प्रवेश



टोक्यो। अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी टेलर फिट्ज सोमवार को जापान ओपन में अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर सीधे सेटों में जीत के साथ सीजन के अपने तीसरे एटीपी टूर फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीयता प्राप्त फिट्ज ने आज खेले गये मुकाबले में ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और अब उनका फाइनल में सामना शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज और कैस्पर रूड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फिट्ज ने ब्रूक्सबी के खिलाफ 13 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 85 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिन्हें दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने इस साल तीसरी बार हराया था। उन्होंने 5-4 के स्कोर पर ब्रूक्सबी की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट जीत लिया। इसके बाद मैच फिट्ज के पक्ष में आ गया। फिट्ज ने दूसरे सेट में दूसरी बार 2-1 से उनकी सर्विस ब्रेक की और फिर से बढ़त बनाते हुए अपना पहला मैच पॉइंट हासिल किया।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 21 करोड़ रुपये इनाम घोषित किया

मुम्बई (ईएमएस)। एशिया कप में विजेता भारतीय क्रिकेट टीम पर पैसे की बारिश होती नजर आ रही है। भारतीय टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर रिकार्ड नौवीं बार खिताब जीता। ऐसे में बीसीसीआई ने भी उसके लिए अपना खजाना खोल दिया है। बोर्ड ने विजेता टीम के लिए 21 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया - '3 वार, 0 जवाब', जो तुरंत वायरल हो गया। इस आशय था भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में तीनो ही मैचों में पाकिस्तान को हराया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने सभी मैच आसानी से जीते। फाइनल में भारतीय टीम की जीत के नायक रहे कुलदीप यादव और तिलक वर्मा। कुलदीप ने जहां 4 विकेट लेकर पाकिस्तान को 146 रनों पर समेटा। वहीं तिलक ने नाबाद 69 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुचाया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की जीत में अभिषेक शर्मा की भी अहम भूमिका रही। अभिषेक को सबसे अधिक रनों के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला।

# सिवाच का विजयी गोल, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया



कैनबरा । कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में आस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरूआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रही। भारत को इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब आस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

# दो विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह काउंटी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे और भविष्य में फ्रेंचाइजी के अवसरों की तलाश करेंगे। 36 वर्षीय वोक्स ने 2013 में अपने पदार्पण के बाद से 217 मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड को 2019 आईसीसी पुरुष विश्व कप जीतने में मदद मिली। वह इंग्लैंड की 2022 विश्व कप जीत का भी हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने मेलबर्न में पाकिस्तान को हराकर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीता था।

### 'वह क्षण आ गया है'

वोक्स ने एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा, 'वह क्षण आ गया है, और मैंने फैसला किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी जिसकी ख्वाहिश मैं बचपन से ही रखता था जब मैं घर के पिछवाड़े में सपने देखता था, और मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने उन सपनों को जीया। पिछले 15 सालों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना, थ्री लायंस पहनना और टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना, जिनमें से कई मेरे आजीवन दोस्त बन गए हैं, ऐसी चीज़ें हैं जिन पर मुझे बहुत गर्व है।'

उन्होंने कहा, '2011 में ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करना कल की ही बात लगती है, लेकिन जब आप मजे कर रहे होते हैं तो समय उड़ जाता है। दो विश्व कप जीतना और कुछ शानदार एशेज सीरीज का हिस्सा बनना कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था और मेरे साथियों के साथ वो यादें और जश्न हमेशा मेरे साथ रहेंगे। मेरे माता-पिता, मेरी पत्नी एमी और हमारी बेटियों लैला और एवी, आपके अटूट प्यार, समर्थन और वर्षों से दिए गए त्याग के लिए धन्यवाद। आपके बिना यह सब संभव नहीं होता।'

उन्होंने कहा, 'प्रशंसकों... मेरे कोचों, टीम के साथियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों - इंग्लैंड और वार्विकशायर, दोनों में, जिन्होंने मुझे अपने देश के लिए खेलने में मदद की, आपका मार्गदर्शन और दोस्ती मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं काउंटी क्रिकेट खेलना जारी रखने और निकट भविष्य में और अधिक फ्रैंचाइजी अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हूं।'

### क्रिकेट करियर

गौर हो कि टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 62 मैच खेले, जिसमें 192 विकेट लिए, जिसमें 5 बार पारी में 5 विकेट लेना शामिल है, और 2018 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ एक टेस्ट शतक बनाया। एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 122 मैचों में 173 विकेट लिए हैं, और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, उन्होंने 31 विकेट लिए हैं।

### ECB अध्यक्ष ने धन्यवाद किया और बधाई दी

ECB के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, 'इस गर्मी में एक टेस्ट मैच जीतने की कोशिश में क्रिस का हाथ स्लिंग में बांधकर बल्लेबाजी करने उतरना दर्शाता है कि उन्हें अपने देश के लिए खेलने और एक बेहतरीन टीम-साथी बनने की कितनी परवाह थी। वह मैदान के बाहर एक सज्जन व्यक्ति रहे हैं, उनके पास मैदान पर जीतने का कौशल और दृढ़ संकल्प है, और वह नियमित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से सबसे बड़े मंच पर अपनी क्षमता का परिचय देते हैं। 2019 विश्व कप में नई गेंद से शानदार प्रदर्शन और 2022 में टी20 विश्व कप जीतने से लेकर 2023 पुरुष एशेज में श्रृंखला बदलने वाले उनके प्रभाव तक, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का सम्मान मिला, उनकी कई खास यादें हैं। हम क्रिस जैसे खिलाड़ियों के इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और मैं पिछले 14 वर्षों से इंग्लैंड की जर्सी में उनके द्वारा किए गए हर काम के लिए उन्हें धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं।'



# एशेज में कठिन हालातों के लिए तैयार रहे इंग्लैंड टीम : स्मिथ

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को आगामी एशेज सीरीज के लिए तैयार रहना चाहिये क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में हालात बिलकुल अलग होंगे। स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पिछले कुछ समय में सपाट पिचों पर खेला है लेकिन उन्हें पता होना चाहिये कि उन्हें इस प्रकार कि पिचें हमारी यहां नहीं मिलेंगी। स्मिथ ने कहा, पिछले तीन-चार साल के दौरान देखा गया है कि ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए विकेट काफी कठिन रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी पर यह एक शानदार सीरीज होने वाली है। इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है। स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर अंकुश लगाते हुए हालातों के हिसाब से खेलना शुरू कर दिया है जबकि पहले वे आक्रामक खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते थे। वे अब मैच जीतने पर अधिक जोर दे रहे हैं। उन्होंने इस साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय से संन्यास ले लिया था पर स्मिथ 2028 लॉस एंजिल्स खेलों तक टी20 प्रारूप में खेलते रहेंगे जिससे कि ओलंपिक में भागीदारी कर सकें।

# भारतीय परिवारों की संपत्ति 2024 बीते 8 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ीः रिपोर्ट

## पिछले दो दशकों में भारत की प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी

**नई दिल्ली**

एलियांज ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार वर्ष 2024 में भारतीय परिवारों की वित्तीय संपत्ति में 14.5 फीसदी की तेज़ वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले आठ वर्षों में सबसे अधिक है। यह उभरते हुए मध्यम वर्ग की आर्थिक शक्ति और बढ़ती निवेश प्रवृत्ति को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशकों में भारत की प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी है। इस दौरान भारत ने अन्य सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन किया। वित्तीय संपत्तियों में सबसे ज्यादा वृद्धि प्रतिभूतियों (28.7) में हुई, इसके बाद बीमा और पेंशन (19.7 फीसदी) और बैंक डिपॉजिट (8.7 फीसदी) का स्थान रहा। हालांकि, भारतीय परिवारों के पोर्टफोलियो में अब भी 54 फीसदी हिस्सा बैंक डिपॉजिट का है, जो देश में मजबूत बचत संस्कृति को दर्शाता है। मुद्रास्फीति समायोजित वृद्धि दर 9.4 फीसदी रही, जिससे महामारी के बाद भारत की क्रय शक्ति 40 फीसदी बढ़कर महामारी-पूर्व स्तर से ऊपर चली गई, जबकि पश्चिमी यूरोप में यह अब भी 2.4 फीसदी नीचे है। 2024 में प्रति भारतीय नेट फाइनेंशियल एसेट्स 2,818 डॉलर पर पहुंच गईं, जो पिछले साल की तुलना में 15.6 फीसदी अधिक हैं। हालांकि, देनदारी भी बढ़ी है, 12.1 फीसदी की दर से, जिससे कर्ज जीडीपी के 41 फीसदी तक पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका ने अकेले 2024 में वैश्विक वित्तीय संपत्ति वृद्धि का 50 फीसदी योगदान दिया, जबकि चीन और पश्चिमी यूरोप क्रमशः 20 और 12 फीसदी के साथ पीछे रहे।



# भारत का दूध उत्पादन 240 मिलियन टन पहुंचा, दुनिया में नंबर वन पर

### देश में 303.76 मिलियन गोजातीय पशु जिनमें गाय, भैंस, मिथुन और याक

**नई दिल्ली**

भारत वैश्विक दूध उत्पादन में शीर्ष स्थान पर है और वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन बढ़कर 239.30 मिलियन टन हो गया। आंकड़ों के मुताबिक उत्पादन और संग्रहण में महिलाओं की अहम भूमिका होती है, जो डेयरी को समावेशी विकास का एक सशक्त वाहक बनाता है। पिछले एक दशक में भारत के डेयरी क्षेत्र ने मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और उत्पादन 63.56 फीसदी बढ़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दूध उत्पादन 2014-15 में 146.30 मिलियन टन था। इसका मतलब है कि देश ने पिछले 10 सालों में 5.7 फीसदी की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखी है। खाद्य एवं कृषि संगठन के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना हुआ है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, पाकिस्तान, चीन और ब्राजील जैसे देशों से कहीं आगे है। पिछले एक दशक में भारत में हरेक व्यक्ति के लिए दूध की उपलब्धता में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आपूर्ति में 48 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 471 ग्राम/व्यक्ति प्रतिदिन से भी ज्यादा हो गई है। यह विश्व औसत करीब 322 ग्राम/व्यक्ति प्रतिदिन से कहीं ज्यादा है। बयान में कहा गया कि देश में 303.76 मिलियन गोजातीय पशु हैं जिनमें गाय, भैंस, मिथुन और याक शामिल हैं। यह डेयरी उत्पादन और कृषि में भार वहन क्षमता दोनों की रीढ़ है। शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में दूध उत्पादन में 74.26 मिलियन की आबादी वाली भेड़ें और 148.88 मिलियन बकरियां भी अहम भूमिका निभाती हैं। 2014 और 2022 के बीच भारत ने गोजातीय पशुओं की उत्पादकता में 27.39 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह वृद्धि वैश्विक औसत वृद्धि 13.97 फीसदी से कहीं ज्यादा है। भारत में सहकारी डेयरी क्षेत्र व्यापक और सुव्यवस्थित है। शामिल हैं। कुल मिलाकर ये करीब 2.35 लाख गांवों को कवर करते हैं और 1.72 करोड़ डेयरी किसान इनके सदस्य हैं।

# मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज पर

### अब आप बदल सकते है गैस कंपनी

**नई दिल्ली**

आने वाले दिनों में मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज में गैस कंपनी को बदलने की सुविधा मिल सकती है।

उदाहरण के लिए अगर आपका कनेक्शन इंडेन में है और आप उससे संतुष्ट नहीं हैं, तब आप भारत गैस या एचपी गैस में जा सकते हैं, वहां भी बिना किसी नए कनेक्शन के ऐसा कर सकते है। दरअसल पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने इसके लिए नया एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी फ्रेमवर्क तैयार कर उपभोक्ताओं, डीलरों व अन्य स्टेकहोल्डर्स से सुझाव मांगे हैं।

देश में अब तक 32 करोड़ से ज्यादा घरों तक एलपीजी कनेक्शन पहुंच चुका है। इसके बावजूद हर साल करीब 17 लाख शिकायतें गैस एजेंसियों को लेकर दर्ज होती हैं। इसमें सबसे आम परेशानी है रीफिल में देरी और सप्लाई में बाधा की होती है। कई जगह स्थानीय डीलर ऑपरेशन बंद कर देते हैं या हफ्तों तक सिलेंडर नहीं पहुंचता, इससे उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी होती है। अभी तक व्यवस्था यह थी कि उपभोक्ता अपनी गैस कंपनी नहीं बदल सकता था। इंडेन के ग्राहक सिर्फ इंडेन डीलर बदल सकते थे, लेकिन भारत या एचपी गैस में शिफ्ट नहीं हो सकते थे।

यही नियम सबसे बड़ी बाधा बनता था। अब नई व्यवस्था आने पर ग्राहक को ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी।

साल 2013 में यूपीए सरकार ने 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शन पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना चलाई थी। जनवरी 2014 में बढ़ाकर 480 जिलों तक कर दिया गया।

लेकिन उस समय पोर्टेबिलिटी सिर्फ एक ही कंपनी के अलग-अलग डीलरों के बीच सीमित थी। उपभोक्ता कंपनी नहीं बदल सकता था। इसकारण योजना का असर बहुत सीमित रहा और उपभोक्ता की परेशानी जस की तस बनी रही। लेकिन अब पीएनजीआरबी सीधे कंपनी बदलने की अनुमति देता है।

यानी अगर किसी इलाके में इंडेन की सप्लाई अटक रही है, तब उपभोक्ता भारत या एचपी गैस से सिलेंडर ले सकेगा। यह सुविधा खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी होगी, जिन्हें बार-बार डिलीवरी में देरी झेलनी पड़ती है। रेगुलेटर का मानना है।

# हुंडई कंपनी की कई नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च करने की योजना




**नईदिल्ली**


हुंडई कंपनी आने वाले वर्षों में कई नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च करने की योजना बना रही है। इन वाहनों में न सिर्फ दमदार इंजन और आकर्षक डिजाइन मिलेगा, बल्कि हाइब्रिड तकनीक के जरिए ज्यादा माइलेज और बेहतर परफॉर्मेंस का अनुभव भी उपभोक्ताओं को मिलेगा। इनमें नेक्स्ट जनरेशन हुंडई क्रेटा, एक बिल्कुल नई तीन-रो एसयूवी और ग्लोबली पॉपुलर पैलिसेड शामिल हैं। सबसे पहले बात करते हैं हुंडई की बेस्ट-सेलिंग एसयूवी क्रेटा की। कंपनी 2027 तक क्रेटा का नया अवतार पेश करेगी। इसे नए प्लेटफॉर्म और नए डिजाइन के साथ लाया जाएगा। इसमें 1.5-लीटर पेट्रोल, डीजल और टर्बो-पेट्रोल इंजन का विकल्प मिलेगा। खास बात यह है कि इसके साथ हाइब्रिड वर्जन भी उतारा जाएगा। इतना ही नहीं, हुंडई अपडेटेड क्रेटा ईवी पर भी काम कर रही है, जिससे ग्राहकों के पास और ज्यादा विकल्प होंगे। दूसरा मॉडल है कोडनेम एनआई1आई, जो एक नई 3-रो एसयूवी होगी। इसे भारतीय बाजार में 2027 तक लॉन्च किया जा सकता है। इसे अल्काजार और ट्यूसॉन के बीच पोजिशन किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एसयूवी में 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन हाइब्रिड सेटअप के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस मॉडल का प्रोडक्शन हुंडई के नए तालेगांव प्लांट में किया जाएगा, जिससे कंपनी की उत्पादन क्षमता और मजबूत होगी। तीसरा और सबसे प्रीमियम मॉडल होगा हुंडई पैलिसेड, जिसे कंपनी भारतीय बाजार में लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसमें 2.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का कॉम्बिनेशन मिलेगा, जो 334बीएचपी पावर और 460 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी लगभग 14केएमपीएल का माइलेज दे सकती है। इसकी लॉन्चिंग 2028 तक संभव मानी जा रही है।

# भारत ग्रीन हाइड्रोजन में बन रहा वैश्विक नेतृत्व

## 2030 तक 50 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली**

एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ग्रीन हाइड्रोजन इंडस्ट्री में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक बन रहा है। देश में लो-कॉस्ट हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता इसके प्रतिस्पर्धियों के बीच शुरुआती गति बनाए रखने और ऑफटेक समझौतों को सुरक्षित करने पर निर्भर करती है। भारत के पास ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक मजबूत संसाधन और तकनीकी आधार मौजूद है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 जनवरी 2023 को नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को 19,744 करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी है। इस मिशन का उद्देश्य भारत को 2030 तक वार्षिक 50 लाख मीट्रिक टन हाइड्रोजन उत्पादन और वैश्विक व्यापार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने वाला वैश्विक केंद्र बनाना है। इसके साथ ही सरकार ने हाइड्रोजन इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को 100 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया है, जिसमें प्रति प्रोजेक्ट 5 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। 26 सितंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत के पहले हाइड्रोजन राजमार्गों का शुभारंभ किया, जिससे लंबी दूरी के हाइड्रोजन-चालित माल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर हाइड्रोजन ईंधन स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। भारत की भौगोलिक स्थिति यूरोप, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को हाइड्रोजन निर्यात के लिहाज से लाभदायक है। भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।




# सेबी के क्लीन चिट से अडानी ग्रुप के शेयरों में आया जोरदार उछाल

**नई दिल्ली** सेबी ने 22 सितंबर को स्पष्ट किया कि अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और अडानी पावर ने किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। यह फैसला जनवरी 2023 में आई हिन्डनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आरोपों को पूरी तरह से खारिज करता है। सेबी की इस क्लीन चिट के बाद निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और अडानी ग्रुप के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.2 प्रतिशत बढ़कर 1470 रुपये पर पहुंच गया, जबकि अडानी पावर 3.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 690 रुपये पर बंद हुआ। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने सेबी के फैसले को स्वागतयोग्य बताया। उन्होंने कहा कि हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट पूरी तरह झूठी और प्रेरित थी, जिसने निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया। सेबी की क्लीन चिट से अब निवेशकों का विश्वास वापस आ रहा है और ग्रुप की साख में सुधार हुआ है। मार्केट एक्सपर्ट्स की दृष्टि इस समय अडानी ग्रीन एनर्जी पर है। शुक्रवार को इसका शेयर 1047 रुपये पर बंद हुआ। तकनीकी विश्लेषण के अनुसार, 900 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट है और हाल ही में 1020 रुपये से ब्रेकआउट के बाद इसमें तेजी की संभावना बनी है।

# रिलायंस पावर इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली** रिलायंस पावर ने कहा कि वह अपनी इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की अनुषंगियों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर की बायोट्रस्टर प्राइवेट लिमिटेड को करीब 1.2 करोड़ डॉलर में बेचने पर विचार कर रही है। इस संबंध में रिलायंस पावर नीदरलैंड बी.वी., रिलायंस नेचुरल रिसोर्सेज (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड और बायोट्रस्टर (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी पीटी अवनीश कोल रिसोर्सेज, पीटी हेरम्बा कोल रिसोर्सेज, पीटी सुमुखा कोल सर्विसेज, पीटी ब्रायन बिंटांग तिगा एनर्जी और पीटी श्रीविजय बिंटांग तिगा एनर्जी में 100 प्रतिशत शेयरधारिता बेचेगी। ये लेनदेन कुछ पूर्व शर्तों एवं अन्य प्रथागत नियमों के अधीन होगा। समझौते के समापन पर करीब 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर हासिल होंगे।

# एलआईसी को पहले ही दिन मिला 1,100 करोड़ का प्रीमियम इनफ्लो

### जीवन बीमा पॉलिसियों पर टैक्स शून्य होने से ग्राहकों में उत्साह, बिक्री में तेजी की उम्मीद

**मुंबई** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी में किए गए सुधारों का असर बीमा उद्योग में तुरंत दिखने लगा है। सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को जीएसटी हटने के पहले ही दिन 1,100 करोड़ रुपए का प्रीमियम इनफ्लो मिला है। यह आंकड़ा एलआईसी की औसत मासिक आय (5,000 करोड़ रुपए) का एक बड़ा हिस्सा है, जो उपभोक्ताओं के बीच सकारात्मक भावना को दर्शाता है। नई नीति के तहत अब स्वास्थ्य और व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे जीवन बीमा पॉलिसियां पहले से कहीं अधिक किफायती हो गई हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव से पॉलिसी की बिक्री में जोरदार वृद्धि देखने को मिलेगी। एलआईसी पहले से ही भारतीय बीमा बाजार में मजबूत स्थिति में है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कंपनी ने 10,957 करोड़ रुपए का मुनाफा और 1,19,618 करोड़ की शुद्ध प्रीमियम आय दर्ज की। इसके साथ ही एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी भी 63.51 फीसदी रही।

# चीन ने भारतीय फार्मा उत्पादों पर लगने वाला आयात शुल्क शून्य किया

### अरबों डॉलर के एक्सपोर्ट का बनेगा रास्ता



**नई दिल्ली** चीन ने भारतीय फार्मा उत्पादों पर लगने वाला 30 फीसदी आयात शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है। यानी कि अब भारतीय कंपनियां चीन को दवाएं बिना किसी कस्टम ड्यूटी के बेच सकेंगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है कि जब अमेरिका ने भारतीय दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाकर बाजार लगभग बंद कर दिया है। ऐसे में चीन का यह फैसला भारतीय फार्मा सेक्टर के लिए राहत और नए अवसर लेकर आया है। भारत को 'दुनिया की फार्मेसी' कहा जाता है क्योंकि यहां बनी जेनेरिक दवाएं और वैक्सीन सस्ती कीमत पर पूरी दुनिया में सप्लाई होती हैं. हालांकि अब तक चीन का बाजार भारतीय कंपनियों के लिए आसान नहीं था क्योंकि 30 फीसदी ड्यूटी के कारण दवाओं की कीमत बढ़ जाती थी. लेकिन अब शून्य शुल्क के साथ भारतीय कंपनियों को चीन जैसे विशाल बाजार में सीधा मुकाबले का मौका मिलेगा। इससे न सिर्फ एक्सपोर्ट बढ़ेगा बल्कि भारत की वैश्विक हेल्थकेयर सप्लाई चेन में पकड़ और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से भारत-चीन व्यापार संतुलन सुधारने में मदद मिलेगी। अभी तक व्यापार चीन के पक्ष में झुका रहता था, लेकिन फार्मा एक्सपोर्ट से भारत को बड़ा फायदा हो सकता है। उद्योग से जुड़े जानकारों के मुताबिक आने वाले वर्षों में भारतीय दवा निर्यात अरबों डॉलर तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही देश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और कंपनियों की आय में जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 61, निफ्टी 20 अंक गिरा

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली से बाजार में ये गिरावट आई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 61.52 अंक करीब 0.08 फीसदी नीचे आकर 80,364.94 बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 20 अंकों के नीचे आकर 24,634 के स्तर पर बंद हुआ। आज केवल सरकारी बैंकिंग शेयरों में तेजी रही। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.78 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.88 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.69 फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 0.69 फीसदी और निफ्टी मेटल 0.35 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी फार्मा 0.15 फीसदी, निफ्टी मीडिया 0.85 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाइटन, एसबीआई, ट्रेंट, बीईएल, एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और एमएंडएम के शेयर लाभ में रहे थे। मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एचयूएल, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप नुकसान में थे वहीं इससे पहले आज सुबह बाजारों ने हल्की बढत के साथ शुरुआत की। आईटी और रियल्टी शेयरों में खरीदारी से बाजार को सपोर्ट मिला। सुबह सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 80,588 पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 मजबूती के साथ 24,728 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में बढ़त कम हो गई।




ग्लोबल बाजारों की बात करें तो विदेशी निवेशक ब्रिटेन के मनी सप्लाई डेटा, यूरो एरिया की आर्थिक भावना, और जापान के जेजीबी खरीद कार्यक्रम के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का रिजर्व बैंक भी आज से अपनी दो दिन की नीति बैठक शुरू कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशक इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन और मैन्युफेक्क्ररिंग डेटा का इंतजार कर रहे हैं। एशियाई बाजारों में सोमवार को मिलेजुले रुख के साथ खुले। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.43 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कॉपी 1.05 फीसदी बढ़ा। जबकि जापान का इंडेक्स 225 इंडेक्स 0.68 फीसदी गिरा। वहीं अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजार शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा के लगभग समान रहने के बाद बढ़त के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.59 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। नेस्डैक कंपोजिट 0.44 फीसदी बढ़ा और डॉव जोन्स 0.65 फीसदी ऊपर रहा।

# जनधन खातों की केवाईसी 30 सितंबर तक करें, नहीं तो बंद हो सकता है खाता

### 10 साल पुराने खातों के लिए री-केवाईसी अनिवार्य, गांव-गांव में चल रहे हैं कैंप

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाय) के तहत खोले गए बैंक खातों को अब 10 साल पूरे हो चुके हैं। जिन खातों की शुरुआत 2014-15 में हुई थी, उनके लिए अब री-केवाईसी कराना अनिवार्य हो गया है। सरकार ने इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की है। बिना री-केवाईसी के, ऐसे खाते निष्क्रिय हो सकते हैं, जिससे खाताधारकों को लेन-देन और सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने में समस्या आ सकती है। री-केवाईसी प्रक्रिया एकदम आसान है। खाताधारकों को अपनी बैंक शाखा में जाकर पहचान पत्र, पता प्रमाण और फोटो जमा करना होता है। यह प्रक्रिया निःशुल्क है। सरकारी बैंक 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर री-केवाईसी करा रहे हैं। अब तक देशभर की एक लाख से अधिक पंचायतों में ऐसे कैंप लग चुके हैं। जन धन योजना के तहत खातों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2015 में जहां 14.72 करोड़ खाते थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 56.16 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। सरकार की अपील है कि जिनका खाता 10 साल पुराना है, वे जल्द से जल्द री-केवाईसी कराएं, ताकि सरकारी लाभों का लाभ बिना बाधा जारी रह सके।

# आरबीआई की एमपीसी की तीन दिनी बैठक शुरू

## दिवाली से पहले मिल सकता है सस्ते कर्ज का तोहफा

**मुंबई**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक सोमवार से मुंबई में शुरू हो गई है। समिति का मुख्य उद्देश्य मौजूदा आर्थिक हालात का आकलन कर रीपो रेट और अन्य पॉलिसी दरों पर निर्णय लेना है। बैठक के दौरान सदस्य बाजार की स्थिति, महंगाई और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद बुधवार 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। यह निर्णय बाजार और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे उधारी की लागत और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। पिछली अगस्त की बैठक में रीपो रेट 5.5 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। इससे पहले जून में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती और फरवरी-अप्रैल में 25-25 बेसिस पॉइंट की कमी की गई थी। मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रेपो रेट में कुल 250 बेसिस पॉइंट बढ़ोतरी हुई थी। आईक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, जीएसटी सुधार से अक्टूबर-नवंबर 2025 में महंगाई में गिरावट देखने को मिल सकती है, लेकिन इसके बाद महंगाई का स्तर फिर बढ़ सकता है। नायर का कहना है कि जीएसटी सुधार महंगाई को कम करेगा, लेकिन इससे मांग बढ़ने की संभावना भी है। इस कारण अक्टूबर 2025 की बैठक में रेपो रेट को स्थिर रखने की संभावना अधिक है। सरकार के जीएसटी सुधार के बाद, दिवाली के त्योहार से पहले आरबीआई उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए रीपो रेट में कटौती कर सकती है।




# अक्टूबर में तीन दिन बंद रहेंगे शेयर बाजार

### 21 अक्टूबर को दोपहर 1:45 से 2:45 बजे तक होगा एक घंटे का विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन

**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में भारतीय शेयर बाजार (बीएसई और एनएसई) तीन प्रमुख अवसरों पर बंद रहेंगे। इस दौरान निवेशक किसी भी तरह की ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। 2 अक्टूबर गुरुवार को गांधी जयंती और दशहरा के कारण बाजारों में अवकाश रहेगा। 21 अक्टूबर मंगलवार को दिवाली लक्ष्मी पूजन के अवसर पर ट्रेडिंग नहीं होगी। वहीं 22 अक्टूबर बुधवार को बलिप्रतिपदा के चलते बाजार एक और दिन बंद रहेंगे। इन छुट्टियों की पुष्टि बीएसई और एनएसई की आधिकारिक वेबसाइटों पर दी गई जानकारी के अनुसार की गई है। हालांकि, 21 अक्टूबर को दिवाली के दिन एक विशेष ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा, जिसे मुहूर्त ट्रेडिंग कहा जाता है। यह एक घंटे का ट्रेडिंग सेशन दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक होगा। हर वर्ष यह ट्रेडिंग सेशन एक शुभ मुहूर्त पर आयोजित किया जाता है और इसे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत के रूप में माना जाता है। धारणा है कि इस विशेष समय में ट्रेडिंग करने से निवेशकों को सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन भी शेयर बाजार बंद रहेंगे।


# जीएसटी कटौती के बाद 3000 शिकायतें

**नई दिल्ली** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे का कहना है कि करों में कटौती के बाद से राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 3000 से अधिक जीएसटी से संबंधित शिकायतें मिली हैं। शिकायतों में खुदरा विक्रेता जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दे रहे हैं, जिससे धोखाधड़ी की आशंका बढ़ी है। मंत्रालय ने इन शिकायतों को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को जांच के लिए भेजा है। साथ ही, शिकायतों की बेहतर निगरानी के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और चैटबॉट तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि कर कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे और बाजार में पारदर्शिता बनी रहे।



# इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड में नॉमिनेट हुए दिलजीत दोसांझ

## इम्तियाज अली को दिया क्रेडिट



सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ को फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन मिला है। एमी नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट गुरुवार को हुई है, जिसमें अमर सिंह चमकीला को दो नॉमिनेशन मिले हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, ये सब इम्तियाज अली की बदौलत हुआ।

### इन इंटरनेशनल सेलेब्स से कंपीट करेंगे दिलजीत दोसांझ

इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट परफॉर्मर बाय अन एक्टर की कैटेगरी में दिलजीत दोसांझ को चमकीला के लिए, डेविड मिशेल को इन लूडविग, ओरियल प्ला को फिल्म न यो, एडिक्टो, डिएगो वासक्रेज को फिल्म इन वन हंड्रेड एयर ऑफ सोलीट्यूड के लिए नॉमिनेशन मिला है। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म अमर सिंह चमकीला को बेस्ट टीवी मूवी/ मिनी सीरीज कैटेगरी में भी नॉमिनेशन मिला है। इसके साथ जर्मनी से हेरहोसन: द बैंकर एंड द बॉम्ब, यूनाइटेड किंगडम से लॉस्ट बॉय्ज एंड फैरीज और चिली से वेंसर ए मोरिर भी नॉमिनेटेड हैं। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड 2024 का आयोजन 24 नवंबर को न्यूयॉर्क में होगा, जहां सभी विजेताओं की अनाउंसमेंट होगी। दिलजीत दोसांझ को पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर नॉमिनेशन मिला है। सभी नॉमिनीज की अनाउंसमेंट 25 सितंबर को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंस द्वारा की गई है।



# ध्वनि भानुशाली ने बताया कैसे बनी रहती हैं सकारात्मक

**इंडियन पॉप सिंगर और एक्ट्रेस ध्वनि भानुशाली आलोचनाओं के बावजूद खुद को मजबूत बनाए रखती हैं। बातचीत में ध्वनि ने बताया कि उन्होंने अपने भीतर की रोशनी से डर और मुश्किलों को कैसे हराया।**

### नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है

'यही एहसास मुझे नवरात्रि के वक्त भी होता है। नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है। मैंने कभी नवरात्रि का कॉन्सर्ट नहीं किया, लेकिन गरबा कई बार खेला है। भीड़ के साथ नाचते हुए जो खुशी और एनर्जी मिलती है, वह किसी जादू से कम नहीं। इस बार मैं चाहती हूं कि स्टेज से ही पूरा उत्सव महसूस करूं और सभी के साथ वो खुशी बाटूं।'

### हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी

'करियर की शुरुआत में मैं हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी। यह मेरी एनर्जी छीन लेती थी। लगता था कि हर किसी की उम्मीद पर खरा उतरना है। लेकिन धीरे-धीरे समझ आया कि मेरी ताकत कीमती है। इसे सही जगह लगाना जरूरी है – अपने गानों, कॉन्सर्ट्स और अपनी खुशी में। वही ताकत, जो पहले मुझे कमजोर करती थी, अब मेरी मजबूती बन गई है। अब तो सोचती हूं, ट्रोलिंग ही सही, कम से कम लोग मेरा नाम तो ले रहे हैं।'

### निडर होने का मतलब है अपनी रोशनी चमकने देना

'मेरे लिए निडर होने का मतलब है कि अपनी रोशनी को चमकने दो, चाहे सामने कितनी भी मुश्किलें हों। हर दिन खुद से कहती हूं- आगे बढ़ो, अपनी राह रोशन करो और अपने सपनों की ओर चलो। यही तरीका है जिंदगी को खुश रखने का। मैंने यह भी सीखा है कि कभी-कभी छोटी-सी हिम्मत कुछ बोलना, किसी फैसले पर टिके रहना या रिस्क लेना, पूरा दिन बदल सकती है। हमारी सकारात्मकता दूसरों तक पहुंच सकती है और जिंदगी में जादू ला सकती है।'

संगीत ही रोशनी फैलाने का मेरा जरिया है

'जब मैं परफॉर्म करती हूं तो खुद को सबसे ज्यादा जिंदा महसूस करती हूं। हर शो मेरे लिए पॉजिटिविटी और खुशी फैलाने का मौका है। मेरे लिए संगीत ही वह जरिया है, जिससे रोशनी सब तक पहुंचती है।'

### इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं

'इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं। असली खुशी तो उसी प्रक्रिया में है, जब आप अपनी एनर्जी और रोशनी दूसरों से शेयर करते हो और हर दिन को रोशन बनाते हो।'

### फैंस के लिए संदेश

'मजबूत रहो, निडर रहो और हमेशा चमकते रहो। हर पल का जश्न मनाओ, अपनी अंदर की रोशनी को फैलाओ और जिंदगी का पूरा मजा लो। हमारी पॉजिटिविटी ही सबसे बड़ी ताकत है। इसे सही जगह इस्तेमाल करो, सब कुछ बदल जाएगा।'



# श्रुति हासन ने गायिकी के प्रति जताया प्यार

अभिनेत्री श्रुति हासन ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपनी गायिकी से हैरान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संगीतमय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वीडियो में श्रुति पियानो की धुनों के साथ वह अपनी मधुर आवाज में गाना बड़े मन से गा रही हैं। इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया और उनकी बहुआयामी प्रतिभा को एक बार फिर उजागर किया। श्रुति ने वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, काफी समय हो गया है कोई नया गाना लिखे। सच कहूं तो, मैं लिख नहीं पा रही हूं। यह कभी परफेक्शन की खोज के बारे में नहीं था। जब दिल से भावनाएं निकलती हैं, तो सही समय पर सबकुछ अपने आप सिखा देती हैं। बस वही होना चाहिए जो मैं हूं और वहीं रहना चाहिए जहां मुझे होना चाहिए। श्रुति हासन न केवल अपनी अभिनय कला के लिए जानी जाती हैं, बल्कि संगीत के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि रही है। उन्होंने अपनी आवाज में कई गाने भी गाए हैं और संगीत रचना में भी योगदान दिया है। सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्ट को खूब सराहना मिल रही है और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में बहुचर्चित फिल्म कुली में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने प्रीति राजशेखर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार रजनीकांत, तेलुगु सिनेमा के दिग्गज नागार्जुन अक्किनेनी, मलयालम एक्टर सौबिन शाहिर, और बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भी नजर आए थे।



# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं अमीषा

**अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं।**

बातचीत के दौरान अमीषा पटेल ने अपने सेलिब्रिटी क्रश को लेकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे। वो हमेशा से मेरा क्रश रहे हैं। मैं हमेशा मजाक में कहती हूं कि वो इकलौते ऐसे इंसान हैं जिनके लिए मैं अपने उसूलों को ताक पर रख सकती हूं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं। अगर आप मुझसे पूछें कि क्या तुम उनके साथ वन नाइट स्टैंड के लिए तैयार हो, तो हां मैं वो भी कर सकती हूं।

### 'गदर 2' में नजर आई थीं अमीषा


वर्कफ्रंट की बात करें तो अमीषा पटेल आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'गदर 2' में नजर आई थीं। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ सकीना के किरदार में दिखाई दी थीं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमीषा और सनी के अलावा उत्कर्ष शर्मा और सिम्रत कौर रंधावा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

### शादी के लिए तैयार हैं अमीषा, योग्य व्यक्ति की है तलाश

अमीषा ने यहां तक कहा कि अगर मुझे मौका मिलता तो मैं उनसे शादी कर लेतीं। इस दौरान अमीषा ने आगे कहा कि मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई योग्य व्यक्ति मिले। कहते हैं न जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर मुश्किल से पार पा ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा। मुझे आज भी कई अच्छे परिवारों से तरह-तरह के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब अमीषा ने टॉम क्रूज के लिए अपना प्यार दिखाया हो। इससे पहले भी कई मौकों पर वो दिल खोलकर टॉम क्रूज की तारीफ कर चुकी हैं।

# सर्च- द नैना मर्डर केस: कॉलेज गर्ल की डेथ मिस्ट्री में उलझा कोंकणा का किरदार

कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।






# मैं कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में रिपीट नहीं करता

**एक्टर दीपक डोबरियाल इस वक्त फिल्म 'जुगनुमा' में नजर आ रहे हैं। पहाड़ों की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म की हर जगह तारीफ हो रही है। साथ ही, फिल्म से जुड़े एक्टर्स की भी सराहना हो रही है। सीरियस रोल हो या कॉमेडी दीपक हर किरदार में अपनी छाप छोड़ते हैं। 'जुगनुमा' में भी उनके किरदार को सराहा जा रहा है।**

**'जुगनुमा' से आपने जुड़ने का फैसला क्यों किया? स्क्रिप्ट में क्या पसंद आया?**

मुझे 'जुगनुमा' की हर बात पसंद है। इस फिल्म के बनने का प्रोसेस, डायरेक्शन सब कुछ बढ़िया था। आपने इतना कन्विक्शन के साथ डायरेक्शन नहीं देखा होगा, जहां पर कैनवास एक पूरा पैराग्राफ, डायलॉग या मोनोलॉग बोलने जितना जरूरी है। एक शॉट की ब्यूटी को लेकर जो कमिटमेंट था। इस फिल्म में विजुअल बहुत बड़ा डायलॉग है क्योंकि वो नेचर को कमिटमेंट करते हुए दिखाया जा रहा है। इसके अलावा बिना बैकग्राउंड स्कोर की फिल्म है। आपने इस तरह की फिल्म नहीं देखी होगी, तो माइंड सेट टूटता है।




**आपके किरदार दर्शकों के जेहन में रह जाते हैं। उनमें पर खूब मीम्स भी बनते हैं। किसी भी किरदार को निभाने का क्या प्रोसेस रहता है?**

हर फिल्म के लिए प्रोसेस अलग होता है। जैसे मेरी हालिया रिलीज फिल्म 'जुगनुमा' में कहानी और डायरेक्शन आपको कहां ले जा रही है। आपको इस हिसाब चलना होता है और खुद को ढालना होता है। अलग-अलग फिल्म में अलग माइंड सेट होता है। कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में काम नहीं आता है। मैं खुद प्रोसेस रिपीट नहीं करता हूं क्योंकि तभी किरदार में नयापन आ पाएगा। आप कहानी, डायरेक्टर या सीन के हिसाब से भांप लेते हो कि कहानी किस डायरेक्शन में जा रही है।

**आपको अपनी फिल्मों का कौन सा किरदार सबसे चैलेंजिंग लगा है?**

मैं तो कहूंगा सभी रोल चैलेंजिंग थे। जैसे 'तनु वेड्स मनु' के मेरे किरदार के बारे में मेरे दोस्त की राय है कि मैं पप्पी का किरदार को चलते-चलते भी निभा सकता हूं। वो मुझसे कहते हैं कि 10 मिनट में तू 15 तनु वेड्स मनु का रोल कर देगा। लेकिन ऐसा नहीं है। उसमें मैंने आवाज बहुत पतली रखी थी। मेरी आवाज बहुत ज्यादा आर्टिफिशियल थी। उस किरदार में था कि एक आदमी है, जो बातूनी है। सुबह से रात तक बात करता है और उसकी आवाज में पतलापन है। मैंने इस किरदार के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट भी किए थे। सभी किरदार मुश्किल होते हैं, बस बात इतनी है कि उस किरदार को ऑडियंस कितनी मिलती है।

**'जुगनुमा' के बाद आपके फैंस आपको किसी प्रोजेक्ट में देख पाएंगे?**

मैं अपने फैंस से कहूंगा कि पहले वो 'जुगनुमा' देखें। ये बहुत प्यारी फिल्म है। आपको एक अलग तर्जुबा मिलेगा। फिल्म एक अलग दुनिया, एक अलग कैनवास, अलग डायरेक्शन, अलग फिलॉसफी और भी कई एलिमेंट को छूती है। पहाड़ों पर बहुत कम फिल्में बनी हैं। पहाड़ों पर फिल्म बनाने का प्रोसेस काफी मुश्किल होता है। इस फिल्म को बनाने में चार-पांच साल का समय लगा है। कभी कोविड, कभी बारिश तो कभी परमिशन नहीं मिलना, देरी की वजह बना। काफी चुनौतियों के बाद ये फिल्म थिएटर तक पहुंची है। अमूमन मैं किसी फिल्म के लिए नहीं बोलता हूं लेकिन 'जुगनुमा' के लिए बोल रहा हूं। जो भी सिनेमा लवर हैं, कुछ अच्छा होते हुए देखना चाहते हैं तो वो प्लीज इस फिल्म को जरूर देखेंगे।

### आपके लिए सफलता के क्या मायने हैं?

मैं अगले रोल के लिए फिर से उत्साहित हो पाऊं, मेरे लिए ये सफलता है। अगले रोल के लिए मैं बच्चा बन पाऊं, जीरो से शुरू कर पाऊं, ये सफलता है। मैं अपनी मासूमियत बचकर रख पाऊं, ये सफलता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in